# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 8 जून 2024



# NEET (UG) 2024

## आकाशियन्स ने फिर से रचा इतिहास

Aakash
Medical | IIT-JEE | Foundations

AIR 1




**21** Aakashians Get AIR 1 (14 Classroom + 7 Distance & Digital)

**115272*** Aakashians Qualified in NEET (UG) 2024 (102209 Classroom + 13063 Distance & Digital) *Still Counting

**36** in Top 100 AIR (All India Rank) | **165** in Top 500 AIR (All India Rank) | **335** in Top 1000 AIR (All India Rank) | **36** State / UTs Toppers

Including Students from Classroom, Digital & DLP Courses across all Categories

### क्लासरूम प्रोग्राम से हमारे टॉप परफॉरमर्स

| AIR | Name | Course | Score |
|---|---|---|---|
| 71 | Pranav S | 2 Year Classroom | 716/720 |
| 74 | Padmanabh M | 2 Year Classroom | 716/720 |
| 77 | Anuran Ghosh (Telangana Topper) | 4 Year Classroom | 716/720 |
| 81 | Harvy Patel | 2 Year Classroom | 715/720 |
| 84 | Karanveer S | 2 Year Classroom | 715/720 |
| 86 | Arindam C | 2 Year Classroom | 715/720 |
| 87 | Anusha S | 2 Year Classroom | 715/720 |

और भी कई...

सभी रैंक की जांच करने के लिए कोड को स्कैन करें और देखें कि हमारे टॉपर्स का क्या कहना है।

### छत्तीसगढ़ से NEET (UG) 2024 में हमारे टॉप परफॉरमर्स

| AIR | Name | Course | Score |
|---|---|---|---|
| 383 | Ekta Kosewara | 2 Year Classroom | 710/720 |
| 698 | Saini Ranjan Das | 2 Year Classroom | 710/720 |
| 1796 | Arpit Gupta | 1 Year Classroom | 700/720 |
| 4777 | Vedant Singhania | 1 Year Classroom | 690/720 |
| 5262 | Aniket Mishra | 1 Year Classroom | 689/720 |
| 6721 | Divyansh K Sahu | 2 Year Classroom | 685/720 |
| 7070 | Aditya Jha | 2 Year Classroom | 685/720 |

और भी कई...

Though every care has been taken to publish the result, yet Aakash Educational Services Ltd. shall not be responsible for inadvertent error, if any.

**पूरे उत्साह के साथ करें फिर से शुरूआत**

**NEET / JEE 2025**

### प्रवेश प्रारम्भ - 90% तक स्कॉलरशिप* प्राप्त करें

**ड्रॉपर / रिपीटर बैचेस**
(कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छात्रों के लिए)
इंस्टेन्ट एडमिशन व स्कॉलरशिप टेस्ट में भाग लें।
नि:शुल्क नामांकन के लिए: iacst.aakash.ac.in पर जाएं
या दिए गए कोड को स्कैन करें
आज ही प्रवेश लें! बैचेस शुरू हो चुके हैं।

*नियम व शर्तें लागू।

कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए — 1 वर्षीय इन्टीग्रेटेड कोर्सेज NEET / JEE

कक्षा 11वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए — 2 वर्षीय इन्टीग्रेटेड कोर्सेज NEET / JEE

कक्षा 8वीं-10वीं में अध्ययनरत छात्रों के लिए — इन्टीग्रेटेड कोर्सेज School Boards / Olympiads / NTSE

**19** ब्रांचेज़ छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में

**Call Your Nearest Branch:** **Bilaspur:** 8800732450, 9289714488 **Bhilai:** 7611110533, 7518020864, 7460011521 **Raipur:** 7611110511, 7611110516, 7611110512 **Bilhari:** 8800897783, 8448799028 **Ratlam:** 8800898646, 9289356958 **Rewa:** 8800745625, 8368041970 **Sagar:** 8800860649, 7869501923 **Ujjain:** 8800013119, 8448985465 **Gwalior (City Centre):** 8800013064, 9752539770 **Gwalior (DD Nagar):** 8800857552, 9289278420 **Gwalior (Vinay Nagar):** 8800950906, 9319285154 **Indore (Geeta Bhawan):** 8800013061, 9752592088 **Indore (Ranjeet Hanuman):** 8800013062, 9752592087 **Indore (Vijay Nagar):** 8800952602, 9319682642 **Bhopal (MP Nagar):** 8800013060, 9752539318 **Chhindwara:** 8800860153, 9289149594 **Katni:** 8800960357, 9289863567 **Mhow:** 8800810308, 9289375636 **Jabalpur (Madan Mahal):** 8800013063, 8448799058

नजदीकी ब्रांच की जानकारी के लिए कोड को स्कैन करें

हिन्दी माध्यम के छात्रों के लिए अलग बैचेस

CALL (TOLL-FREE): **1800-102-2727** | VISIT: **aakash.ac.in** | For Franchise Enquiry: Email ID: **franchise@aesl.in**

Aakash Medical | IIT-JEE | Foundations







# दो साल पहले ही दरक गई थी अयोध्या में भाजपा की जमीन

## रामंदिर बनाने के बाद भी चुनाव हारने से हर कोई हैरान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद भी भाजपा के फैजाबाद लोकसभा सीट हारने से हर कोई हैरान है। रणनीति के तहत राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ऐसे वक्त हुई जब देश में लोकसभा चुनाव होने थे, ताकि उसका लाभ मिल सके। लेकिन इस सीट पर आए नतीजे ने हिंदुत्व के समर्थकों को चिंता में डाल दिया है। जानकार कहते हैं, बीजेपी की सियासी जमीन यहां साल 2022 के विधानसभा चुनाव में ही दरक चुकी थी। लेकिन बीजेपी ने वक्त रहते उन नतीजों से सबक नहीं लिया। 2022 के चुनाव में भाजपा ने जिले के पांच विधानसभा सीटों में से दो गंवा दी थीं। बावजूद इसके भाजपा सजग नहीं हुई, जिसका खामियाजा उसे मौजूदा लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ा।

### हार की अहम वजह

भाजपा की इस हार के कई कारण गिनाए जा रहे हैं। लेकिन सबसे अहम कारण है, व्यापारियों की नाराजगी और उचित मुआवजा न देना। साल 2020 में जब यहां विकास कार्य शुरू हुए तो सड़कों के चौड़ीकरण के दौरान बड़ी संख्या में मकान और दुकानें टूटीं। बड़ी संख्या में लोगों का रोजगार छिना। व्यापारी वर्ग का आरोप है कि उन्हें मकानों और दुकानों के अधिग्रहण का उचित मुआवजा नहीं मिला। जो लोग अपनी जमीन से संबंधित कागज पेश नहीं कर सके, बड़ी संख्या में ऐसे लोगों को तो मुआवजा मिला ही नहीं। चौड़ीकरण में व्यापारियों को उजाड़ना और उचित मुआवजा न देना भाजपा की हार का सबसे बड़ा कारण बना।

### व्यापारी वर्ग भाजपा से नाराज

स्थानीय रिपोर्ट के अनुसार, यहां की व्यापारी वर्ग बीजेपी से नाराज है। एक सराफा कारोबारी ने कहा कि व्यापारी बीजेपी की रीढ़ की हड्डी माने जाते हैं, लेकिन भाजपा इन्हें साथ नहीं रख सकी। उनकी खुद की दुकान रामपथ पर थी। वह दुकान उजड़ गई, उचित मुआवजा भी नहीं मिला। दुकान के बदले दुकान देने की बात की गई थी, वो वादा भी पूरा नहीं किया गया। अब अधिक रोड पर दुकान ली है। व्यापारी इससे नाराज हैं।

### 3 महीने में दिलाएंगे उचित मुआवजा : अवधेश प्रसाद

फैजाबाद सीट से नवनिर्वाचित सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि वो राम तो नहीं हो सकते, लेकिन उनकी मर्यादाओं को कायम जरूर करेंगे। उन्होंने जीत हासिल करने के दूसरे ही दिन प्रेस वार्ता करके दावा किया कि तीन माह के भीतर जिले में भूमि अधिग्रहण की जद में आए व्यापारियों और किसानों को बाजार दर पर मुआवजा दिलाएंगे।



# संसदीय पावरगेम में अहम है स्पीकर का रोल, टीडीपी की है इस पद पर नजर

## भाजपा को नहीं मिला है पूर्ण बहुमत, सहयोगी पार्टियां चाह रहीं अहम पद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए को बहुमत मिला है, लेकिन भाजपा इससे वंचित रह गई है। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे नरेंद्र मोदी एनडीए में शामिल तेलगु देशम और जदयू की मदद से सरकार चलाएंगे। नीतीश कुमार की जेडीयू और चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी, एनडीए सरकार में कई अहम पद चाहती हैं। टीडीपी की नजर लोकसभा स्पीकर की कुर्सी पर है। इससे पहले वाजपेयी सरकार में भी टीडीपी ने लोकसभा का स्पीकर पद रखा था। आइए जानते हैं लोकसभा स्पीकर का पद अहम क्यों है? और टीडीपी इस पद को क्यों चाहती है?

### प्रोटेम स्पीकर फिर स्पीकर

आम चुनाव होने और नई सरकार के गठन के बाद नए सदस्यों को शपथ दिलाने के लिए प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति की जाती है। प्रोटेम स्पीकर आमतौर पर लोकसभा के सबसे सीनियर सांसद को बनाया जाता है। प्रोटेम स्पीकर की देखरेख में ही लोकसभा स्पीकर का चुनाव होता है। आम चुनाव के बाद सरकार और विपक्ष मिलकर स्पीकर के लिए उम्मीदवार का नाम घोषित करते हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री और संसदीय कार्य मंत्री उम्मीदवार के नाम का प्रस्ताव करते हैं। अगर एक से ज्यादा उम्मीदवार हैं तो फिर बारी-बारी से प्रस्ताव रखा जाता है और जरूरत पड़ने पर वोटिंग भी कराई जाती है। जिसके नाम का प्रस्ताव मंजूरी होता है, उसे स्पीकर चुना जाता है।



### स्पीकर की कुर्सी पर नजरें क्यों?

टीडीपी अब तक कई गठबंधन का हिस्सा रह चुकी है। वाजपेयी सरकार में टीडीपी, एनडीए की सहयोगी थी और उस वक्त भी स्पीकर का पद उसने ही रखा था। लोकसभा स्पीकर का पद काफी अहम होता है। जब सदन में बहुमत साबित करने की बात आती है या फिर दल-बदल कानून लागू होता है तो स्पीकर की भूमिका काफी अहम हो जाती है। मान लीजिए कि अगर भविष्य में एनडीए की कोई भी पार्टी टूटती है या उसके कुछ सांसद पाला बदलते हैं तो फिर उनकी अयोग्यता पर फैसला स्पीकर ही लेंगे। इसके अलावा जब भी सदन में कोई भी विवाद की स्थिति बनती है तो स्पीकर का फैसला ही अंतिम होता है।

### लोकसभा स्पीकर की यह है पावर

*सदन का सबसे प्रमुख व्यक्ति स्पीकर ही होता है। सदन में स्पीकर की मंजूरी के बिना कुछ भी नहीं हो सकता। स्पीकर को सदन की मर्यादा और व्यवस्था बनाए रखनी होती है। अगर ऐसा नहीं होता है तो वो सदन को स्थगित कर सकते हैं या फिर निलंबित कर सकते हैं। इतना ही नहीं, मर्यादा का उल्लंघन करने वाले सांसदों को भी स्पीकर निलंबित कर सकते हैं। पाला बदलने वाले सदस्यों की अयोग्यता पर भी स्पीकर दल-बदल कानून के तहत फैसला करते हैं। हालांकि, 1992 में सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में साफ कर दिया था कि स्पीकर के फैसले को अदालत में चुनौती दी जा सकती है। हालांकि, इसके बावजूद दल-बदल के मामले में स्पीकर के पास अहम पावर होती हैं।*

### लोकसभा स्पीकर से जुड़ी कुछ रोचक बातें

- **पहले स्पीकर**: 1951-52 में हुए पहले आम चुनाव के बाद जब पहली लोकसभा में कांग्रेस के गणेश वासुदेव मावलंकर को स्पीकर नियुक्त किया गया था।
- **पहले दलित स्पीकर**: अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में टीडीपी के जीएमसी बालयोगी लोकसभा स्पीकर थे। बालयोगी लोकसभा के पहले दलित स्पीकर थे।
- **जब राष्ट्रपति बने स्पीकर**: 1977 में छठी लोकसभा के गठन के बाद नीलम संजीव रेड्डी स्पीकर बने. रेड्डी पहले गैर-कांग्रेसी स्पीकर थे।
- **पहली महिला स्पीकर**: 2009 में कांग्रेस की मीरा कुमार लोकसभा की अध्यक्ष बनीं। मीरा कुमार लोकसभा की पहली महिला स्पीकर थीं। उनके बाद 2014 में एनडीए की सरकार में सुमित्रा महाजन स्पीकर बनीं।



**जीत का सत्कार**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल यादव को शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के बाद लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं द्वारा सम्मानित किया गया। गौरतलब है, अखिलेश की अगुवाई में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन भाजपा को पछाड़कर सबसे ज्यादा सीटें जीतने में कामयाब रहा है।

# 'निर्दलीय उम्मीदवार के सिंबल की वजह से सतारा सीट जीती भाजपा'

## शरद पवार की एनसीपी का दावा, ईसी से करेगी शिकायत

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद अब राजनीतिक दल सीट वार हार-जीत का आंकलन करने में जुटे हैं। इस कड़ी में महाराष्ट्र की सतारा लोकसभा सीट पर हुई हार को लेकर शरद पवार की एनसीपी भी मंथन कर रही है। यहां से बीजेपी उम्मीदवार के जीतने पर अब शरद पवार की पार्टी ने चुनाव आयोग जाने का फैसला किया है। पार्टी का दावा है कि उनके जैसा सिंबल निर्दलीय उम्मीदवार को भी आवंटित कर दिया गया, जिसके कारण मतदाता भ्रमित हो गए और वोटों का विभाजन हो गया, जिसके कारण इस सीट पर उनके उम्मीदवार को हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा भी कई सीटों पर इस चुनाव चिह्न को लेकर पार्टी ने सवाल उठाए हैं।



### जीत-हार का गणित

दरअसल, सतारा लोकसभा सीट से शिवाजी महाराज के 13वें वंशज उदयनराजे प्रतापसिंह भोसले ने बीजेपी के टिकट पर जीत दर्ज की है। उन्होंने एनसीपी (शरद पवार गुट) उम्मीदवार शशिकांत जयवंतराव शिंदे को 32 हजार 771 वोटों के अंतर से चुनाव हराया। उदयनराजे भोसले को 5,71,134 वोट मिले थे. वहीं, एनसीपी के शशिकांत को 5,38,363 मत हासिल हुए। वहीं जिस निर्दलीय उम्मीदवार के चुनाव सिंबल पर शरद पवार की पार्टी ने ऐतराज जताया है, उसे 37 हजार से अधिक वोट मिले। चुनाव आयोग ने इस निर्दलीय उम्मीदवार को 'पिपानी' (तुरही) चुनाव चिह्न आवंटित किया था।



- कई देशों के राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री करेंगे शिरकत
- सभी धर्मों के करीब 50 प्रमुख धार्मिक गुरु होंगे शामिल

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



- सेंट्रल विस्टा, मेट्रो, वंदे भारत प्रोजेक्ट के मजदूर, सफाई कर्मी, ट्रांसजेंडर भी आमंत्रित
- 'मन की बात' के प्रतिभागी, आदिवासी महिलाएं, पद्म भूषण, पद्म विभूषण और पद्म श्री विजेता रहेंगे मौजूद

# मोदी ही 'नेता', कल लेंगे शपथ

## कहा- 18वीं लोकसभा कुछ कर गुजरने वाली

*राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक में नरेंद्र मोदी को संसदीय दल एनडीए का नेता चुना गया। मोदी अब 9 जून को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में कई देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित अन्य लोग भी शिरकत करेंगे। राजनाथ सिंह के प्रस्ताव पर नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू ने समर्थन किया। इसके बाद एनडीए के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मुलाकात सरकार बनाने का दावा पेश किया।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

इससे पहले एनडीए संसदीय दल की बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह ने लोकसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और भाजपा के नेता के रूप में नरेंद्र मोदी के नाम का प्रस्ताव रखा। इसके बाद वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह, नितिन गडकरी और राजग के साथी तेदेपा के चंद्रबाबू नायडू, जदयू के नीतीश कुमार, शिवसेना के एकनाथ शिंदे समेत अन्य नेताओं ने प्रस्ताव का समर्थन किया। इस दौरान मौजूदा सांसद 'मोदी-मोदी' के नारे लगाने लगे। सिंह ने कहा, 1962 के बाद पहली बार कोई राजनेता लगातार तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनने जा रहा है। ये हम सब के लिए सौभाग्य की ⏭ शेष पेज 2 पर



वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी से लिया आशीर्वाद



### राष्ट्रपति से मिला सरकार बनाने का न्योता

एनडीए के संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। शाम 6 बजे नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति भवन पहुंचे, यहां राष्ट्रपति ने उनका अभिवादन किया और भगवान जगन्नाथ की तस्वीर देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद राष्ट्रपति की ओर से उन्हें प्रधानमंत्री पद पर नियुक्त होने और सरकार बनाने के लिए न्योता मिल गया है।

### 'देश चलाने सर्वमत होना जरूरी : मोदी

पीएम मोदी ने कहा, मैं आज देशवासियों को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आपने जिस तरह बहुमत देकर सरकार चलाने का सौभाग्य दिया है, हम सभी का दायित्व है कि सर्वमत का सम्मान कर देश को आगे ले जाने की कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। मैं कई बार कह चुका हूं। देश चलाने के लिए सर्वमत होना बहुत जरूरी होता है। एनडीए को करीब-करीब तीन दशक हो चुके हैं।



### मोदी का विपक्ष पर तंज ईवीएम जिंदा है या नहीं

मोदी ने कहा, साथियों जब 4 जून के नतीजे चल रहे थे, तब मैं अपने काम में व्यस्त था। मुझे फोन आए तो मैंने पूछा कि आंकड़े तो ठीक हैं, लेकिन ईवीएम जिंदा है या नहीं। कुछ लोगों का काम है कि चुनाव प्रक्रिया पर सवाल पर उठाते हैं। मुझे तो लग रहा था कि वे ईवीएम की अर्थी निकालेंगे, लेकिन ईवीएम ने सबको जवाब दे दिया। चुनाव आयोग के काम में रुकावट आए, इसके लिए सुप्रीम कोर्ट गए।

### ये प्रस्ताव 140 करोड़ लोगों की इच्छा



अमित शाह ने कहा, सभी को हृदयपूर्वक पुनः लोकसभा में जीतकर आने के लिए बधाई। अभी अभी रक्षा मंत्री जी ने संसदीय नेता के रूप में नरेंद्र मोदी जी के नाम का प्रस्ताव रखा है। इसका मैं मन से समर्थन करता हूं। यह प्रस्ताव हम सब चंद लोगों के मन की इच्छा नहीं है। यह एनडीए के घटक दलों के नेताओं के मन की इच्छा भी नहीं है। यह प्रस्ताव देश के 140 करोड़ लोगों के मन का प्रस्ताव है।

### मोदी के पास विजन और जोश है



टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा नरेंद्र मोदी के पास विजन और जोश है, उनका क्रियान्वयन बहुत सही है। वह अपनी सभी नीतियों को सच्ची भावना के साथ क्रियान्वित कर रहे हैं। आज, भारत के पास सही नेता है- वह नरेंद्र मोदी हैं।

### हम सब दिन इनके साथ ही रहेंगे



नीतीश ने नरेंद्र मोदी के नाम के प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए कहा, ''खुशी की बात है कि 10 साल से ये प्रधानमंत्री हैं और फिर प्रधानमंत्री होने जा रहे हैं। हम लोग पूरे तौर पर सब दिन इनके साथ रहेंगे। पूरे तौर पर जो भी कुछ करेंगे, जिस तरह से ये करेंगे, सब अच्छा है। हम लोग पूरे तौर पर, जो आप चाहिएगा, उस काम के लिए हम लगे रहेंगे।



### एनडीए संसदीय दल की बैठक में शामिल हुए प्रदेश के भाजपा नेता

रायपुर। दिल्ली में शुक्रवार को एनडीए संसदीय दल की बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी, सरोज पांडेय के साथ ही प्रदेश के सांसद विजय बघेल, संतोष पांडेय, बृजमोहन ⏭ शेष पेज 2 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### T20 world cup स्कोर बोर्ड

| नामीबिया | स्कॉटलैंड |
|---|---|
| 155/9 | 157/5 |

5 विकेट से जीता स्कॉटलैंड

35 रन, 1 विकेट : मिचेल लीस्क
प्लेयर ऑफ द मैच

| कनाडा | आयरलैंड |
|---|---|
| 137/7 | 125/7 |

12 रन से जीता कनाडा

49 रन : निकोलस किरटोन
प्लेयर ऑफ द मैच

**आज के मैच**

- न्यूजीलैंड vs अफगानिस्तान — समय : सुबह 5 बजे
- श्रीलंका vs बांग्लादेश — समय : सुबह 6 बजे
- नीदरलैंड vs द. अफ्रीका — समय : रात 8 बजे
- आस्ट्रेलिया vs इंग्लैंड — समय : रात 10.30 बजे

## जांच रिपोर्ट में बड़ा खुलासा...

**हरिभूमि के पास पूरी जांच रिपोर्ट, जांच टीम ने आधी रात तक जांची एक-एक उत्तर पुस्तिका**

**टॉपर्स की अंकसूची में अंक अलग, उत्तरपुस्तिकाओं के प्राप्तांक अलग**

# संस्कृत बोर्ड की 90 फीसदी उत्तर पुस्तिकाओं में मिलीं दूसरों की हेंडराइटिंग, 24 में 19 टॉपर्स फर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

टॉपर्स कांड में हरिभूमि-आईएनएच के खुलासे पर जांच टीम ने अपनी मुहर लगा दी है। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट में यह स्वीकार किया है कि टॉपर्स की उत्तरपुस्तिकाएं अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा लिखी गई हैं अर्थात एक ही छात्र की कॉपियां कई लोगों ने मिलकर लिखी हैं। ना सिर्फ टॉपर्स बल्कि परीक्षा में शामिल 90 फीसदी छात्रों की उत्तरपुस्तिकताओं में हैंडराइटिंग भिन्न-भिन्न पाई गई है।जांच समिति ने देर रात तक एक-एक उत्तर पुस्तिका की जांच की, पता चला कि 90 फीसदी ज्यादा परीक्षार्थियों ने खुद उत्तर ही नहीं लिखे हैं। दसवीं और बारहवीं की मेरिट में लिस्ट में कुल 24 परीक्षार्थी थे, इनमें से 19 के अंक उत्तर पुस्तिकाओं से मिले अंक से मेल नहीं खाते। इतना ही नहीं उनकी हेंडराइटिंग भी अलग है।

गौरतलब है कि हरिभूमि ने पहले ही यह खुलासा कर दिया था कि संस्कृत विद्यामंडलम द्वारा जारी मेरिट लिस्ट में जिन छात्रों के नाम हैं, उनकी उत्तरपुस्तिकाओं में भिन्न-भिन्न हैंडराइटिंग है। जांच टीम ने आधी रात तक एक-एक उत्तरपुस्तिकाओं की जांच की है। इसके बाद अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपी है। गौरतलब है कि संस्कृत विद्यामंडलम के परिणाम 15 मई को घोषित किए गए थे। कक्षा नवमी से बारहवीं ⏭ शेष पेज 2 पर

### बगैर उत्तरपुस्तिका देखे कंप्यूटर पर चढ़ाए अंक

लापरवाही और फर्जीवाड़ा की चरम सीमा यह रही कि उत्तरपुस्तिकाओं में छात्रों को कितने अंक हासिल हुए हैं, यह देखने की भी जहमत नहीं उठाई गई। बाबुओं ने अपने मन से सबको पास करने की नियत से कंप्यूटर में अंक चढ़ा दिए। जिस छात्र की उत्तरपुस्तिका में यह स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि वह फेल है, उसके रोल नंबर के सामने भी 70 से 80 अंक कंप्यूटर में चढ़ा दिए गए हैं। ज्यादातर मार्कशीट ऐसी मिली हैं जिनकी उत्तर पुस्तिकाओं से अंक मेल नहीं खा रहे हैं। उत्तर पुस्तिका में नंबर कुछ और हैं और मार्कशीट में कुछ ओर। सूत्र बताते हैं कि पैसे लेकर यह सब खेल किया गया।

**रिपोर्ट में टीम ने स्वीकारा- ऊपर से लेकर नीचे तक सभी की मिलीभगत, मंडल स्तर पर भी गड़बड़ियां**




### ऊपरी स्तर पर मिलीभगत, शाला स्तर पर भी संरक्षण

जांच में यह सामने आया है कि संस्कृत विद्यामंडल के ऊपरी अधिकारियों का संरक्षण फर्जीवाड़ा करने वालों को प्राप्त था। शाला स्तर पर भी प्राचार्यों का संरक्षण शिक्षा माफियाओं को मिला हुआ था। सबकी सांठ-गांठ से ही यह घोटाला हुआ है। ऊपरी अधिकारियों को निचले स्तर पर हो रही इन गड़बड़ियों की जानकारी थी, लेकिन कोई कड़ा एक्शन उनके द्वारा नहीं लिया गया। ग्रामीण स्तर पर कई बार लोगों द्वारा इसकी शिकायत भी की गई, लेकिन किसी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। यदि शुरुआती वक्त में ही शिकायतों पर कार्रवाई हो जाती, तो इतना बड़ा फर्जीवाड़ा संभव नहीं था।

### पूरी परीक्षा ही फर्जी, दस फीसदी ही ठीक

जांच में पाया गया है कि केवल 10 फीसदी परीक्षार्थियों ने ठीक से परीक्षा दी है। उन्होंने खुद अपने उत्तर लिखे हैं। बाकी करीब 2 हजार से ज्यादा की उत्तर पुस्तिकाओं में अलग-अलग हेंडराइटिंग मिली हैं। इतना ही नहीं, एक ही स्कूल में एक विषय की उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन किया गया, तब पता चला कि सभी में एक ही व्यक्ति ने उत्तर लिखे हैं। माना जा रहा है कि पैसे देकर किसी एक व्यक्ति ने सभी की उत्तर पुस्तिकाओं में जवाब लिखे हैं।

### परीक्षा रद्द किया जाना भी संभव

*जांच रिपोर्ट में जिस तरह 90 फीसदी उत्तर पुस्तिका में गड़बड़ी पाई गई है उसके बाद पूरी परीक्षा पर ही सवाल उठ गया है। जांच रिपोर्ट शासन को सौंप दी गई है। उसके बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा। सूत्र बताते हैं कि उच्च स्तर पर परीक्षा रद्द किए जाने की संभावना पर विचार किया जा रहा है। इसमें केवल एक ही दिक्कत हैं कि जो दस फीसदी परीक्षार्थी सही हैं, उनके साथ अन्याय होगा।*

### कानूनी कार्रवाई पर विचार

*जांच रिपोर्ट के बाद इस मामले में एफआईआर भी कराई जा सकती है। नीचे से ऊपर तक हुए खेल में करोड़ों के लेनदेन की आशंका है। माना जा रहा है कि पूरा रैकेट ही काम कर रहा था। उस रैकेट में दर्जनों लोग शामिल थे जिन्होंने मिलकर परीक्षा का मजाक बना दिया और प्रदेश का नाम खराब हुआ।*

## खबर संक्षेप

### क्षीरसागर कांकेर के नए कलेक्टर

रायपुर। कांकेर जिले के कलेक्टर अभिजीत सिंह को हटा दिया गया है। उन्हें अब मंत्रालय में विशेष सचिव गृह एवं जेल विभाग बनाया गया है। श्री सिंह के स्थान पर नीलेश कुमार क्षीरसागर को कांकेर कलेक्टर बनाया गया है। इससे पहले वे अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में सेवाएं दे रहे थे। राज्य सरकार ने सांरगढ़ के एसडीएम वासु जैन को वहां से हटाकर अवर सचिव योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग में पदस्थ करने का आदेश दिया है।



### लालू यादव व अन्य के खिलाफ फाइनल चार्जशीट दाखिल

नई दिल्ली। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। लोकसभा चुनाव में एनडीए के जीतने के बाद सीबीआई ने लैंड फॉर जॉब स्कैम मामले में कार्रवाई तेज कर दी। इस मामले में सीबीआई ने लालू प्रसाद यादव और अन्य आरोपियों के खिलाफ फाइनल चार्जशीट दाखिल कर दी।



**नीट-यूजी का रिजल्ट जारी होने के बाद से ही घिरा विवादों में**

## यूजी नीट के रिजल्ट में गड़बड़ी, मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट, नीट ने खुद को बताया 'क्लीन'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी का रिजल्ट जारी होने के बाद से ही विवादों ने जन्म ले लिया है। नीट के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि 67 विद्यार्थियों ने 720 में से 720 अंक हासिल किये हैं। इसके बाद कई परीक्षार्थियों ने छात्रों के अंक बढ़ाये जाने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उम्मीदवारों के एक समूह ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर नये सिरे से नीट -यूजी, 2024 परीक्षा कराने की मांग की है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि 5 मई को आयोजित नीट-यूजी परीक्षा में गड़बड़ी की गई थी। याचिकाकर्ताओं के संज्ञान में पेपर लीक के कई मामले आए थे। ⏭ शेष पेज 2 पर



### पेपर इतना आसान क्यों बनाया गया?

पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष पेपर आसान बनाया गया था। इस आरोप के जवाब में एनटीए ने कहा कि पिछले साल 20 लाख की तुलना में इस साल 24 लाख छात्रों ने पंजीकरण कराया था। इसके अलावा इस वर्ष समग्र पाठ्यक्रम से 15% पाठ्यक्रम काटा गया था। आंसर-की के रिविजन के कारण कुछ छात्रों के लिए भौतिकी के अंकों में संशोधन हुआ।

### एक ही एग्जाम सेंटर से टॉपर्स पर दिया ये जवाब

नीट-यूजी 2024 के कुछ टॉपर्स के एक ही केंद्र से होने के जवाब में एनटीए सूत्रों का कहना है कि उन उम्मीदवारों के नीट-यूजी परिणाम को लेकर कुछ गलतफहमी रही है जिन्होंने 720/720 अंक हासिल किए हैं और वे एक ही केंद्र से हैं। साथ ही यह स्पष्ट किया कि हालांकि इस परीक्षा केंद्र के उम्मीदवारों को प्रतिपूरक अंक दिए गए थे, लेकिन ये विशिष्ट उम्मीदवार नॉर्मलाइजेशन के माध्यम से अपने अंकों के एडजस्टमेंट से पहले ही हाई स्कोरर थे।

**48 घंटे पहले लांच किया गया था ऑपरेशन**

## एक हजार जवानों ने चलाया अभियान, गोबेल और थुलथुली के जंगल की मुठभेड़ में सात नक्सली ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

6 जून की दरमियानी रात नारायणपुर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा व जगदलपुर की डीआरजी व आईटीबीपी 45 बटालियन की संयुक्त टीम के 1 हजार से अधिक जवानों ने खुफिया इनपुट के बाद ऑपरेशन लांच किया। गोबेल व थुलथुली के जंगल में शुक्रवार शाम तक रुक-रुककर हो रही फायरिंग में सुरक्षा बलों ने सात वर्दीधारी नक्सलियों को ढेर कर मौके से हथियार भी बरामद किए। मुठभेड़ में तीन जवान भी घायल हुए हैं। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि नारायणपुर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा व जगदलपुर के बार्डर पूर्व बस्तर डिवीजन अंतर्गत ग्राम मुंगेडी, गोबेल क्षेत्र में नक्सलियों के विरुद्ध फोर्स को गश्त सर्चिंग के लिए रवाना किया गया था। जवान जब तलाशी अभियान चला रहे थे तभी नक्सलियों ने फायरिंग कर दी। इसके जवाब में हुई गोलीबारी में नक्सलियों के मारे जाने सहित कुछ के घायल होने के भी समाचार हैं। आईजी ने कहा कि फोर्स के लौटने पर और जानकारी उपलब्ध हो सकेगी।



### कई बार हुई मुठभेड़

सर्च अभियान के दौरान शुक्रवार दोपहर 3 बजे से नारायणपुर के थाना ओरछा स्थित थुलथुली ग्राम के गोबेल व थुलथुली के जंगल में लगातार कई बार सुरक्षा बलों ओर माओवादियो के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल की सर्चिंग के दौरान अब तक 07 वर्दीधारी माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं और शव की पहचान की जा रही है। आईजी ने बताया कि मुठभेड़ में और बड़ी संख्या में नक्सली के घायल होने की सूचना है और क्षेत्र में सर्चिंग अभियान जारी है।

### डीआरजी नारायणपुर के 3 जवान घायल

आईजी ने बताया कि मुठभेड़ में डीआरजी नारायणपुर के 3 जवान घायल हो गए हैं। घायल जवानों की स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर है। संयुक्त अभियान में जिला नारायणपुर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, जगदलपुर की डीआरजी एवं 45 वीं वाहिनी आईटीबीपी का बल शामिल है। आईजी ने बताया की ऑपरेशन में चार जिले के डीआरजी व 45 वीं वाहिनी आईटीबीपी के एक हजार से अधिक जवान शामिल थे। फोर्स के लौटने पर जानकारी पृथक से जारी की जाएगी।

## चिंतन

# नई उम्मीदों-चुनौतियों से भरा होगा मोदी 3:0 कार्यकाल

नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेता सर्वसम्मति से चुने गए हैं। अब वे 9 जून रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। इसी के साथ मोदी 3:0 कार्यकाल शुरू होगा। राजग संसदीय दल के नेता चुने जाने पर मोदी ने भरोसा दिया है कि राजग सरकार के सभी फैसलों में सर्वसम्मति सुनिश्चित करने का प्रयास रहेगा। स्वाभाविक है कि गठबंधन की सरकार रहने के चलते पिछले दो कार्यकाल से इस तीसरे कार्यकाल में कार्यशैली अलग होगी। अब प्रधानमंत्री के रूप में मोदी नोटबंदी जैसे ऐलानिया फैसले नहीं कर सकेंगे। सरकार के फैसलों में कैबिनेट के समावेशी स्वरूप का असर दिखेगा। तीसरे कार्यकाल में जहां मोदी के सामने भाजपा के संकल्प पत्र में किए गए चुनावी वादे पूरे करने की चुनौती होगी, वहीं सहयोगियों की आकांक्षाओं को पूरा करने का लक्ष्य भी होगा। हो सकता है मोदी के नेतृत्व वाली नई राजग सरकार एक न्यूनतम साझा कार्यक्रम के अनुरूप कार्य करे। मोदी ने सुशासन, समावेशी विकास, जीवन की गुणवत्ता सुधारने, राज्यों के साथ बेहतर संबंध बनाने, वैश्विक विकास व शांति में भारत के योगदान को बढ़ाने, भारत को पांच साल में पांचवीं से तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने आदि का भरोसा दिया है। टीडीपी अध्यक्ष और राजग के अहम घटक चंद्रबाबू नायडू ने साफ संकेत दिया है कि क्षेत्रीय आकांक्षाओं और राष्ट्रीय हितों का संतुलन जरूरी है। यह मोदी के लिए साफ संकेत है। इस बार राजग सरकार को मजबूत विपक्ष का भी सामना करना होगा, राज्यसभा में बहुमत की राह और कठिन होगी। विपक्ष को भी रचनात्मक राजनीति को अंगीकार करना चाहिए और संसद में स्वस्थ बहस की परंपरा फिर से शुरू होनी चाहिए। मोदी की नई राजग सरकार के सामने अपने संकल्प पत्र में किए गए सेवा, सुशासन, गरीब क्लयाण, मुफ्त राशन, पानी और गैस कनेक्शन, पीएम सूर्यघर, आयुष्मान भारत, पक्के घर, स्वास्थ सेवाओं का विस्तार, उच्च शिक्षा में सुधार, इंफ्रास्ट्रक्चर, इन्वेस्टमेंट, हाई वैल्यू सर्विसेज, स्टार्टअप और टूरिज्म में बेहतर सुधार, 3 करोड़ लखपति दीदी, नारी वंदन अधिनियम, किसान कल्याण, श्री अन्न, नैनो यूरिया और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा, कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब, आत्मनिर्भर भारत, अर्बन हाउसिंग, ट्रांसपोर्टेशन, वाटर मैनेजमेंट, साफ हवा, कचरे के ढेर से मुक्ति और स्वच्छ पानी के लिए मिशन मोड पर काम, नए एयरपोर्ट हाईवे, मेट्रो, अंडरवाटर मेट्रो का निर्माण, भारत स्पेस, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, क्वांटम, सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक वीकल टेक्नोलॉजी में अग्रणी बनने जैसे वादे पूरे करने की चुनौती होगी। समान नागरिक संहिता और एक देश, एक चुनाव जैसे एजेंडे भी सामने होंगे। कृषि, श्रम, उर्वरकों और बिजली पर सब्सिडी में सुधार के कदम उठाए जाने हैं। पेट्रोलियम को जीएसटी के दायरे में लाया जाना है। कुछ पीएसयू बैंकों का निजीकरण, संसदीय सीटों का परिसीमन और जनगणना जैसे अहम काम भी करने होंगे। जाति जनगणना, एससी व ओबीसी कोटे में मुस्लिम आरक्षण, समान नागरिक संहिता जैसे मुद्दे नेपथ्य में रखने पड़ सकते हैं। विधानसभा व लोकसभा में महिला आरक्षण भी लागू किया जाना है, परिसीमन के बाद लागू करने की बात है। मोदी की नई राजग सरकार में अब सरकार व घटक दलों के बीच संवाद को प्राथमिकता देनी होगी। आर्थिक सुधार के अगले चरण में भी प्रवेश किया जाना है। नई सरकार जनाकांक्षाओं पर खरा उतरने की कोशिश करेगी।

# लोकसभा के जनादेश के मायने



**आम चुनाव**
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

> आम चुनाव परिणामों ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि मतदाता के मन को समझना इतना सरल, इतना आसान नहीं है। इसी तरह से एक्जिट पोल और धरातलीय परिणामों में अंतर से साफ हो जाता है कि मतदाता खुलता भी नहीं है तो किसके पक्ष में मतदान करके आया है उसे वह मुखर होकर बताता भी नहीं है। चुनाव परिणामों से सट्टा बाजार की भी पोल खुल कर रह गई है। ऐसे में सवाल यह हो जाता है कि मतदाता इस जनादेश के माध्यम से आखिर संदेश क्या देना चाहते हैं?एक बात और साफ हो जानी चाहिए कि 18वीं लोकसभा के चुनाव परिणाम कहीं भी खंडित जनादेश नहीं है। इन्हें खंडित जनादेश मानने की गलती की भी नहीं जानी चाहिए।

अठारहवीं लोकसभा के चुनाव परिणामों ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि मतदाता के मन को समझना इतना सरल, इतना आसान नहीं है। इसी तरह से एक्जिट पोल और धरातलीय परिणामों में अंतर से साफ हो जाता है कि मतदाता खुलता भी नहीं है तो किसके पक्ष में मतदान करके आया है उसे वह मुखर होकर बताता भी नहीं है। चुनाव परिणामों से सट्टा बाजार की भी पोल खुल कर रह गई है। ऐसे में सवाल यह हो जाता है कि मतदाता इस जनादेश के माध्यम से आखिर संदेश क्या देना चाहते हैं? लोकसभा चुनाव परिणामों से यह तो साफ हो गया है कि मतदाता ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन(एनडीए) को तीसरी बार सरकार चलाने या यों कहें कि कंटिन्यूटी का अवसर दे दिया है, क्योंकि एनडीए को स्पष्ट बहुमत दिया है। ऐसा नहीं है कि परिणाम के बाद किसी बाहरी दल के सहयोग की आवश्यकता हो। बहुमत के 272 की तुलना में एनडीए को 293 सीटें मिली हैं वहीं पिछले दो चुनावों की तरह इस बार भाजपा को अकेले स्पष्ट बहुमत के आंकड़े से दूर अवश्य रखा है, पर सबसे बड़े दल के रूप में भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) सामने आई है। देखा जाए तो 10 साल बाद किसी भी एक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। इससे यह भी तो स्पष्ट हो जाता है कि सत्ता विरोधी लहर उतनी नहीं रही जितनी दस साल के शासन के बाद सामान्यतः आ जाती है, पर उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा आदि के माध्यम से मतदाता ने अपनी नाराजगी जाहिर करने में किसी तरह का संकोच भी नहीं किया है। दरअसल जनआंकाक्षाओं और सरकार की परफारमेंस के बीच अंतर को पाटने में सरकार पूरी तरह से सफल नहीं रही। हांलाकि परफारमेंस के पैरामीटर्स या यों कहें कि मापदंड बदलते रहते हैं। एक बात यह भी स्पष्ट हो जानी चाहिए कि यह जनादेश केन्द्र सरकार की वर्तमान नीतियों का नकार नहीं हैं, अपितु मतदाता सरकार द्वारा नेपथ्य में डाले हुए विषयों को सामने लाकर आगे बढ़ने की दिशा में दिया गया संदेश है और इस जनादेश से एकदम साफ संदेश है कि सरकार की प्राथमिकता में इन विषयों को लेना ही होगा।

दरअसल जनता कहीं ना कहीं संतुलन चाहती है। सरकारों को जहां एग्रेसिव होना अच्छा लगता है वहीं जनता कहीं ना कहीं डिलीवरी सिस्टम को लेकर भी चिंतित रहती है। केवल उज्ज्वल और एग्रेसिव छवि, सफल विदेश नीति, राष्ट्रीयता और राष्ट्रवाद, धर्म, आर्थिक विकास या यों कहें कि इकोनोमिक ग्रोथ के साथ ही बहुत से ऐसे कारक है जिन्हें नकारा नहीं जा सकता।

इसमें कोई दो राय नहीं कि दुनिया का सबसे बड़ा और सफलतम लोकतंत्र हमारे यहां है। लोकतांत्रिक देशों में सर्वाधिक राजनीतिक दलों वाला भी हमारा ही देश है। हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था व चुनाव व्यवस्था की सारी दुनिया कायल है, पर इसके साथ ही अब आमजन का मनोभाव यह है कि राजनीतिक दलों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए ना कि मंडी बाजार जैसी एक दूसरे पर छींटाकशी के हालात। वास्तविकता तो यह है कि प्रमुख राजनीतिक दलों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा तो




रही ही नहीं है,अपितु दिन प्रतिदिन एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाना ही एकमात्र काम रह गया। मानो या ना मानो पर आज हालात यह हो गए हैं कि राजनीतिक शालीनता तो रही ही नहीं। दूसरी बात धर्म की करें तो उत्तर प्रदेश में अयोध्या की सीट पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार की हार और यूपी के परिणाम बीजेपी के लिए घोर निराशाजनक होने से साफ संकेत हैं कि केवल श्रीराम लला या धर्म के नाम पर ज्यादा दिन नहीं चला जा सकता। लोगों का मानना है कि अब राम मंदिर बन गया वह सबके सामने हैं तो अब उसे जनमानस की आस्था का केन्द्र रहने दो न कि उसे राजनीतिक रूप से भुनाना। हिन्दी बेल्ट के परिणाम इसे साफ कर देते हैं। लोग आतंकवादी गतिविधियों व असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ सख्त कदम को तो उचित मानते हैं, पर अब इसमें धर्म का प्रयोग कुछ अति ही लगने लगा है।

एक अन्य बिंदु आर्थिक एजेंडा को लेकर है। कहीं भी मतदाता ने आर्थिक एजेंडे को नकारा नहीं है, पर लोग अब महंगाई से त्रस्त हो रहे हैं तो बाजार पर सरकार का नियंत्रण कम होने से परेशान हैं। जनमानस जहां आर्थिक क्षेत्र में हाई ग्रोथ चाहने लगा है तो सबसे बड़ी समस्या रोजगार के अवसरों को लेकर है। पक्ष व विपक्ष सभी का प्रिय मुद्दा नौकरियां है। सरकार जहां कहती है कि लाखों की संख्या में नौकरी के अवसर विकसित किए हैं वहीं विपक्ष नौकरियां नहीं मिलने की बात करता रहा है। इन चुनावों में भी हिंदी बेल्ट में नौकरियों की कमी का अंडर कंरट अवश्य रहा है, इसलिए नौकरियों के अवसर विकसित करने के साथ ही नौकरियां उपलब्ध कराने और उसका प्रोपेगेंडा करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही आम आदमी का जीवनयापन आसानी से हो सके, इसके लिए सरकार को विजिलेंट रहना ही होगा। इसी तरह से आधारभूत संरचनाओं के विस्तार पर जोर देना होगा। स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, सड़क आदि क्षेत्रों में सरकार को अपने एजेंडे को आगे बढ़ाना ही काफी है। आमजन शांति, प्रेम और स्नेह का वातावरण, तेजी से समग्र विकास, विदेशों में गौरव और आधारभूत सुविधाओं का विस्तार चाहता है। रोजगार की सहज उपलब्धता और बाजार पर सरकार की नियंत्रण होने से जीवनयापन और अधिक आसान हो सकता है।

जहां तक विदेश नीति की बात है इसमें कोई दो राय नहीं कि पिछले दस सालों में भारत अब दुनिया के देशों के सामने चौधरी की भूमिका निभाने लगा है। आज कोई भी देश चाहे वह कितना भी बड़ा, संपन्न और शक्तिशाली हो पर भारत को इग्नोर करने की गलती नहीं कर सकता। एक बात और साफ हो जानी चाहिए कि 18वीं लोकसभा के चुनाव परिणाम कहीं भी खंडित जनादेश नहीं है। इन्हें खंडित जनादेश मानने की गलती की भी नहीं जानी चाहिए। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को स्पष्ट बहुमत दिया गया है तो भारतीय जनता पार्टी को सबसे बड़ा दल बनाते हुए सबको साथ लेकर चलते स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से आगे बढ़ने का मैसेज है। केन्द्र व राज्यों के संबंधों को विकास में सहभागी बनाने की आवश्यकता है, इसलिए निराश होने की कोई बात नहीं है अपितु राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को स्पष्ट बहुमत और मजबूत विपक्ष के माध्यम से लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक गतिमान बनाने का मैसेज है। नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के रूप में अपने तीसरे कार्यकाल में देश को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और विदेशों से संबंध के रूप में देश को आगे ले जाने की कोशिश करेंगे। अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेंगे, नई आर्थिक क्षेत्र में भारत में निवेश देखने को मिलेगा। मोदी सबको साथ लेकर चलेंगे और सबका विकास करेंगे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



काणिपकम विनायक मंदिर आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुपति से लगभग 75 किलोमीटर दूरी पर स्थित भारत के प्राचीन गणेश मंदिर में से एक है, जो अपनी ऐतिहासिक संरचना और आंतरिक डिजाइन के लिए जाना जाता है।

## क्षमा करें और भूल जाएं



संकलित
**दर्शन**

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है।

## भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं



संकलित
**प्रेरणा**

एक सेठ के पास एक व्यक्ति काम करता था। सेठ उस व्यक्ति पर बहुत विश्वास करता था। वो व्यक्ति भगवान का बहुत बड़ा भक्त था। वह सदा भगवान के चिंतन भजन कीर्तन स्मरण सत्संग आदि का लाभ लेता रहता था। एक दिन उस ने सेठ से श्री जगन्नाथ धाम यात्रा करने के लिए कुछ दिन की छुट्टी मांगी सेठ ने उसे छुट्टी देते हुए कहा- भाई! मैं तो हूं संसारी आदमी हमेशा व्यापार के काम में व्यस्त रहता हूं, तुम जा ही रहे हो तो यह लो 100 रुपए मेरी ओर से श्री जगन्नाथ प्रभु के चरणों में समर्पित कर देना। भक्त सेठ से सौ रुपए लेकर श्री जगन्नाथ धाम यात्रा पर निकल गया। वह श्री जगन्नाथ पुरी पहुंचा। मंदिर की ओर प्रस्थान करते समय उसने रास्ते में देखा कि बहुत सारे संत, भक्त जन, वैष्णव जन, हरि नाम संकीर्तन बड़ी मस्ती में कर रहे हैं। भक्त भी वहीं रुक कर हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने लगा। उसने सोचा क्यों ना सेठ के सौ रुपए से इन भक्तों को भोजन करा दूँ। सबको भोजन कराने में उसे कुल 98 रुपए खर्च करने पड़े। उसके पास दो रुपए बच गए उसने सोचा चलो अच्छा हुआ दो रुपए जगन्नाथ जी के चरणों में सेठ के नाम से चढ़ा दूंगा। भक्त ने श्री जगन्नाथ जी के दर्शन किए और अंत में उसने सेठ के दो रुपए श्री जगन्नाथ जी के चरणो में चढ़ा दिए। भगवान को आपके धन की कोई आवश्यकता नहीं है। भगवान को वह 98 रुपए स्वीकार है जो जीव मात्र की सेवा में खर्च किए गए और उस दो रुपए का कोई महत्व नहीं जो उनके चरणों में नगद चढ़ाए गए।

## आवश्यक

डॉ. मोनिका शर्मा



# ईवीएम पर सवाल से पहले सोचें

अठारहवीं लोकसभा चुनावों में बहुत से जनप्रतिनिधियों में ईवीएम की विश्वसनीयता और केंद्रीय चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर बार-बार सवाल उठाए। लोकसभा हो या राज्यों की विधानसभा के लिए प्रतिनिधि चुनने की प्रक्रिया। किसी ना किसी दल के लोग चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर आशंका जताते रहते हैं। आरोपों और उलाहनों का यह खेल हर बार खेला जाने लगा है। आक्षेपों और आरोपों को किसी पुख्ता सबूत के साथ सामने लाने के बजाय अफवाह फैलाने का ही काम किया जाता है। असल में स्वायत्त संवैधानिक निकाय की कार्यप्रणाली पर यूं प्रश्नचिह्न लगाना देश की आम जनता को भी भय और भ्रम के घेरे में लाने वाला बर्ताव है। ऐसे में अब चुनाव आयोग ने भी सख्ती से कुछ प्रश्न किए हैं। दुखद है कि केंद्रीय चुनाव आयोग के कामकाज को लेकर उठाए जाने सवाल जनादेश अपने पक्ष में आने के बाद सुनाई नहीं देते, जिसका सीधा सा अर्थ है कि निराधार शिकायतों से केवल माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जाता है। चुनावी प्रक्रिया के दौरान शंका का माहौल बनाने वाले जन-प्रतिनिधि परिणामों का रुझान देखकर ही सुर बदल लेते हैं। यही वजह है कि निर्वाचन आयोग 2024 के आम चुनावों के परिणाम घोषित किए जाने पहले ही स्पष्ट कहा था कि जन-प्रतिनिधि किसी भी तरह की गड़बड़ी के साक्ष्य सामने रखें तो जरूर कार्रवाई की जाएगी,वरना अफ़वाहों का कोई इलाज नहीं है। समझना मुश्किल नहीं कि चरम मौसमी स्थितियों और बड़ी आबादी वाले भारतीय लोकतन्त्र में चुनाव प्रक्रिया को पूरा करना आसान काम नहीं है। दुनियाभर में भारतीय चुनाव आयोग के नवाचारों और प्रबंधों को सराहा जाता है। बावजूद इसके आधारहीन आरोप लगाने की स्थितियों के लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, 'हम पर झूठे आरोप लगाए गए। हमें लापता जेंटलमेन कहा गया, लेकिन इसी दौरान देश में मतदान का विश्व रिकॉर्ड बन गया। यह हमारे लोकतंत्र की ताकत है। हमने फेक न्यूज रोकी, लेकिन खुद पर होने वाले हमले नहीं रोक पाए। ध्यातव्य है कि पहली बार निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कुछ बातें सामने रखीं हैं। 1952 से लेकर अब तक के किसी भी लोकसभा चुनाव के दौरान आयोग द्वारा मतदान के बाद और परिणाम घोषित किए जाने से पहले कभी प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की गई है। ऐसे में प्रश्न उठाने वाले राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों को निर्वाचन आयोग के प्रश्नों का भी जवाब देना चाहिए।चिंतनीय है कि कभी ईवीएम में गड़बड़ी करने का आरोप तो कभी निर्वाचन आयोग पर पक्षपात करने के सनसनीखेज आरोप लगाकर चुनाव प्रणाली का उपहास बनाया जाता है, जबकि अब आम जनता भी यह प्रश्न करने लगी है कि किसी दल की अपनी जीत या बेहतर प्रदर्शन करने पर ईवीएम मशीन को लेकर कोई शिकायत क्यों नहीं रहती? लोकसभा चुनाव-2024 में भी बार-बार ईवीएम के साथ छेड़खानी के आरोप लगाए गए। चुनाव आयोग के हर काम में मीनमेख निकालने का रुख अपनाया गया। निर्वाचन आयोग की कोशिशों को सराहने के बजाय हर बार कटघरे में खड़ा करने का ही बर्ताव सामने आया। शोर मचाने वाले दल और जन-प्रतिनिधि जनादेश मिलने पर चुप्पी साध लेते हैं। लोकतन्त्र में नेताओं के आधारहीन असंतुष्टि के इस व्यवहार का दोहराव वाकई चिंतनीय है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ईवीएम बदनाम होने से बच गई

आम चुनाव से पहले कुछ राजनीतिक दल और अन्य लोग चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और ईवीएम पर संदेह कर रहे थे। इन पर सवाल ज्यादातर तभी खड़े किए जाते हैं जब कहीं भाजपा जीत हासिल करती है। लेकिन इस बार के आम चुनाव में भाजपा ने जीत हासिल की, पर पूर्ण बहुमत नहीं मिलने के कारण ईवीएम शायद बदनाम होने से बच गई। हैरानी की बात है कि हाल ही में लोकसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत न मिलने और कांग्रेस के गठबंधन इंडिया को 200 से अधिक सीटें मिलने के कारण इस पर किसी ने भी, खास तौर पर कांग्रेस और आप ने ईवीएम पर सवाल खड़े नहीं किए। देश में चुनाव आयोग हर चुनाव से पहले ईवीएम की उचित और निष्पक्ष जांच करता है।

-**रविन्द्र जोशी**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### शिक्षा में गुणात्मक बदलाव



मेरे जीवन का हर पल भारत के संविधान के महान मूल्यों के प्रति समर्पित है। ये हमारा संविधान ही है, जिससे पिछड़े परिवार में पैदा हुए मुझ जैसे व्यक्ति को राष्ट्रसेवा का अवसर मिला है। ये हमारा संविधान ही है, जिसकी वजह से आज करोड़ों देशवासियों को गरिमापूर्ण जीवन मिल रहा है।

-**नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### इतिहास लिखा जाएगा



जब अब से वर्षों बाद हमारे समय के बारे में इतिहास लिखा जाएगा, तो आइए हम वह पीढ़ी बनें जिसने अपने समय में लोकतंत्र को बचाया। हमारा लोकतंत्र उतना ही मजबूत है जितना हम सब मिलकर इसे मजबूत बनाते हैं।

-**जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति**

### आहार शुचिता आवश्यक



रोगोत्पत्ति प्रायः अनियमित आहार विहार के कारण होती है। आहार का संबंध मनुष्य के मन से है। शास्त्र और वैज्ञानिकों के अभिमत के अनुसार बिना आहार शुचिता के स्वस्थ जीवन संभव नही है। अत: सभी के लिए सम्पूर्ण पोषण सुनिश्चित करना समाज और सरकारों का उत्तरदायित्व है।

-**अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### जांच होनी चाहिए



पेपर लीक, धांधली और भ्रष्टाचार नीट समेत कई परीक्षाओं का अभिन्न अंग बन गई हैं। इसकी ज़िम्मेदारी मोदी सरकार की है। ये अभ्यर्थियों के भविष्य से खिलवाड़ है। सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में जांच होनी चाहिए।

-**मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

## करंट अफेयर

# फ्रांस यूक्रेन को मिराज लड़ाकू विमान देगा

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि फ्रांस यूक्रेन को रूस के आक्रमण के खिलाफ देश की रक्षा में मदद करने के लिए अपने मिराज लड़ाकू विमान प्रदान करेगा। उन्होंने यह बात डी-डे आक्रमण को स्मरण करने के लिए यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के फ्रांस में विश्व नेताओं के साथ शामिल होने के बाद कही। फ्रांस को नाजियों के कब्जे से छुड़ाने के लिए छह जून, 1944 को नॉरमेंडी नामक स्थान पर लड़ाई शुरू हुई थी। छह जून को फ्रांस में 'डी-डे' के तौर पर मनाया जाता है। जेलेंस्की पश्चिमी देशों से अधिक मदद लेने के लिए फ्रांस में थे जबकि उनकी सेना पूर्वी शहर खारकीव के निकट रूसी हमले को रोकने के लिए संघर्ष कर रही थी जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप का सबसे बड़ा संघर्ष बन गया है। मैक्रों ने फ्रांसीसी सार्वजनिक प्रसारक को बताया कि वह शुक्रवार को यूक्रेन के साथ नए सहयोग और फ्रांसीसी निर्मित लड़ाकू विमान मिराज 2005 की बिक्री की घोषणा करेंगे जिससे यूक्रेन को रूसी हमलों के खिलाफ अपनी धरती और अपने हवाई क्षेत्र की रक्षा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि रूस यूक्रेनी पायलटों को प्रशिक्षण देना भी शुरू कर देगा।



## ऑफ बीट

# अल्जाइमर को वास्तव में उलटा किया जा सकता है

अल्जाइमर से पीड़ित दो लोगों ने दावा किया है कि उन्होंने जीवनशैली में साधारण बदलावों से इस बीमारी पर विजय पा ली है। डिमेंशिया और अल्जाइमर पिछले दस वर्षों से यूके में प्रमुख हत्यारों में से एक रहे हैं, जो 2022 में 11.4% मौतों के लिए जिम्मेदार हैं। हालांकि नई दवाएं बीमारी की प्रगति को कम कर सकती हैं, लेकिन अधिक सबूत सामने आ रहे हैं कि अल्जाइमर के लक्षणों को पलटने के लिए स्वस्थ जीवन शैली को एकीकृत करने जैसा सरल कुछ भी नहीं हो सकता है। अल्जाइमर रोग को दो उपसमूहों में विभाजित किया जा सकता है, पारिवारिक और छितराए हुए। अल्जाइमर के केवल 5% रोगी पारिवारिक, वंशानुगत होते हैं, और 95% अल्जाइमर रोगी पर्यावरण, जीवनशैली और आनुवंशिक जोखिम कारकों के कारण छितराए हुए होते हैं। नतीजतन, अल्जाइमर से निपटने के लिए सबसे प्रभावी रणनीति रोकथाम और स्वस्थ जीवन शैली जीना है। इसने शोधकर्ताओं को अल्जाइमर से जुड़े जोखिम कारकों का अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया है। अल्जाइमर से पीड़ित दो लोग, सिसी ज़र्बे और साइमन निकोल्स, दावा करते हैं कि उन्होंने जीवनशैली में सीधे बदलावों से इस घातक बीमारी को हरा दिया है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

### कुछ दफ्तरों के दरवाजे 10:20 बजे के बाद खुले

खाद्य विभाग, एडीएम कोर्ट के बाबू का कक्ष, बाल संरक्षण विभाग आदि दफ्तरों के दरवाजे 10.20 बजे तक बंद पाए गए। इन दफ्तरों के दरवाजे इसके बाद ही खोले गए।



# चुनाव की खुमारी टूटी नहीं

# 10 के सिस्टम पर कर्मचारियों की मनमानी अब भी भारी, समय पर नहीं पहुंच रहे दफ्तर

### भिलाई निगम में भी देर से पहुंचते रहे कर्मचारी



लोकसभा चुनाव की खुमारी दफ्तरों में दिखाई दी। रिसाली निगम में कई कर्मचारी देर से पहुंचे। लंबे समय तक चुनाव आचार संहिता की वजह से फाइलें लंबित हैं। इन्हें निपटाने के लिए निगम आयुक्त ने अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक शेष पेज 2 पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर, भिलाई, धमतरी, जगदलपुर, राजनांदगांव

हफ्ते में पांच दिन काम, दो दिन छुट्टी के एवज में सुबह दस बजे से ड्यूटी का सिस्टम परवान नहीं चढ़ रहा है। चुनावी खुमारी उतरने के बाद शुक्रवार को हरिभूमि की टीम ने सुबह दस बजे सरकारी दफ्तरों का जायजा लिया। ज्यादातर दफ्तरों में कुर्सियां खाली थीं, कहीं सवा दस तो पौने ग्यारह बजे तक कर्मचारी दफ्तर पहुंचे। यह केवल रायपुर का हाल नहीं है, प्रदेश के कई जिलों में ऐसे ही हालात हैं। स्थिति देखकर कहा जा सकता है कि 10 के सिस्टम पर कर्मचारियों की उदासीनता भारी पड़ रही है। शेष पेज 2 पर






चुनाव आचार संहिता हटने के दूसरे दिन हरिभूमि की टीम सुबह 10 बजे कलेक्टोरेट के विभिन्न विभागों के दफ्तरों में पहुंची

### दोपहर तक रेंज अफसर नहीं पहुंचे दफ्तर, जवाब मिला कि नहा रहा था

जगदलपुर में सामाजिक वानिकी के परिक्षेत्र अधिकारी दफ्तर में सिर्फ दो लिपिक एवं भृत्य ड्यूटी पर नजर आए, लेकिन कार्यालय में रेंज अफसर दोपहर 1.05 बजे तक नहीं पहुंचे थे, उनकी कुर्सी खाली रही।




वहीं सामाजिक वानिकी जगदलपुर के मंडलाधिकारी शमा फारूकी ने इस संबध में बताया कि कार्यालय में विलंब से पहुंचने के मामले में अफसर से बात करेंगे।

### धमतरी के सरकारी दफ्तरों में 15 से 50 मिनट देर से पहुंचते रहे कर्मचारी




धमतरी जिले के कई शासकीय दफ्तरों में पदस्थ कई अधिकारियों व कर्मचारियों की चुनाव खुमारी उतरी नहीं है। हरिभूमि की टीम ने विभिन्न दफ्तरों का सुबह 10 बजे जायजा लिया, जिसमें कहीं अधिकारी नहीं मिले तो कहीं कर्मचारी अनुपस्थित मिले। जिला कार्यालय स्थित समाज कल्याण विभाग में सुबह 10.15 बजे उप संचालक की कुर्सी खाली मिली। ऑफिस में सिर्फ 2 कर्मचारी मौजूद थे। 10.17 बजे तक संयुक्त कलेक्टर तथा डिप्टी कलेक्टर ऑफिस नहीं पहुंचे थे। भू-अभिलेख शाखा में सिर्फ एक कर्मचारी उपस्थित था। यहां के एक कर्मचारी ने बताया कि अन्य अधिकारी व कर्मचारी फील्ड पर गए हैं। शेष पेज 2 पर




### राजनांदगांव में भी चल रही मनमर्जी

राजनांदगांव में भी लोकसभा चुनावी प्रक्रिया पूर्ण हो जाने के बाद भी कर्मचारियों में चुनावी खुमारी छाई हुई है। यही वजह है कि इन दिनों कार्यालय में कर्मचारी मनमर्जी कर लेट-लतीफी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। जिससे विभागों में काम से पहुंचने वाले हितग्राहियों को हलाकान होना पड़ रहा है। शुक्रवार को जिला कार्यालय के विभिन्न विभागों में देखा गया कि कार्यालय खुलने के बाद भी कई कुर्सियां खाली पड़ी रही। हालांकि शेष पेज 2 पर



## खबर संक्षेप

### कर्नाटक में 'हमारे बारह' फिल्म के प्रदर्शन पर रोक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने कुछ मुस्लिम संगठनों द्वारा चिंता जताए जाने के बाद हिंदी फिल्म 'हमारे बारह' के प्रदर्शन पर कम से कम दो सप्ताह के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया, फिल्म थिएटरों, टीवी चैनलों पर ट्रेलर के रिलीज पर रोक लगा दी है।




### आरबीआई ने आठवीं बार रेपो दर को 6.5 प्रश पर कायम रखा

**मुंबई।** आरबीआई ने मौद्रिक नीति समीक्षा में उम्मीद के मुताबिक नीतिगत दर रेपो में लगातार आठवीं बार कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर कायम रखा। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने कहा मौद्रिक नीति समिति ने लगातार आठवीं बार नीतिगत दर को यथावत रखने का निर्णय किया।




### राहुल को मानहानि मामले में कोर्ट से मिली जमानत

**बेंगलुरु।** राहुल गांधी को कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई से जुड़े मानहानि के मामले में बेंगलुरु की विशेष कोर्ट से जमानत मिल गई। बार एंड बेंच के मुताबिक, विशेष मजिस्ट्रेट केएन शिवकुमार ने राहुल की व्यक्तिगत उपस्थिति के बाद उन्हें जमानत दी अगली सुनवाई 30 जून को है।



### मारकर फेंके या डर से कूदे अब तक स्पष्ट नहीं, पुलिस ने कहा जांच की विषय

# पशु तस्करी के शक में मॉब लिंचिंग, दो की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महासमुंद सीमा से सटे आरंग थाना क्षेत्र में मवेशी तस्करी करने के शक में भीड़ ने ट्रक सवार दो को मार डाला। एक गंभीर है। जिन दो लोगों की मौत हुई है और एक घायल है उन्हें मॉब लिंचिंग करने वाले बदमाशों ने मारकर फेंका या वे मार के डर से महानदी के पुल से नीचे कूदे, यह अब तक स्पष्ट नहीं है। मॉब लिंचिंग के शिकार उत्तरप्रदेश, सहारनपुर के रहने वाले हैं। घटना में शामिल बदमाश फरार हैं। कुछ संदेहियों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

पुलिस के मुताबिक मॉब लिंचिंग की घटना में ट्रक ड्राइवर चांद मियां, गुड्डू खान की मौत हुई है। इसके अलावा सद्दाम खान गंभीर रूप से घायल है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक चांद मियां तथा उसके अन्य साथी महासमुंद के बरोंडा के मवेशी बाजार से मवेशी खरीदकर उसे बेचने ओडिशा ले जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें कुछ लोगों द्वारा मवेशी तस्करों को पकड़ने घेराबंदी करने की जानकारी मिली।

### दस लोगों से की जा रही पूछताछ

घटना के बाद पुलिस महासमुंद तथा आरंग क्षेत्र में कथित तौर पर गोसेवा संघ से जुड़े 10 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बदमाशों को पकड़ने पुलिस महासमुंद से लेकर आरंग के बीच लगे सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल कर रही है। पुलिस ने मॉब लिंचिंग की घटना में शामिल बदमाशों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का दावा किया है।



घायल, मृतक उत्तरप्रदेश सहारनपुर के रहने वाले

घटना आरंग थाना क्षेत्र में महानदी पुल के पास



### पुल के दोनों तरफ घेराबंदी

मवेशी तस्करों के रायपुर की तरफ भागे जाने की जानकारी मिलने पर मॉब लिंचिंग की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों ने ट्रक का पीछा करते हुए ट्रक को पुल के दोनों तरफ से घेर लिया और बीच पुल में ट्रक को रोक लिया। ट्रक को रोकने के बाद बदमाशों ने ट्रक चालक तथा उसके साथियों के साथ मारपीट की। बताया तो यह भी जा रहा है कि बदमाशों ने ट्रक चालक तथा उसके साथियों के साथ मारपीट कर पुल के नीचे फेंक दिया। घायल के बयान तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पता चल पाएगा कि ट्रक ड्राइवर तथा उसके शेष पेज 2 पर




### बचने के लिए रायपुर की तरफ मोड़ा ट्रक

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक घेराबंदी करने की जानकारी मिलने पर ट्रक ड्राइवर ने ट्रक को ओडिशा की तरफ ले जाने के बजाय रायपुर की तरफ मोड़ दिया। इसी दौरान महानदी पुल के पास बदमाशों ने ट्रक ड्राइवर और उनके साथियों को महानदी पुल के पास घेर लिया और उनके साथ जमकर मारपीट की। ट्रक ड्राइवर तथा उसके अन्य दो साथियों के साथ मारपीट करने शेष पेज 2 पर

*हाईकोर्ट ने कहा- विवाह में मानवीय भावनाएं शामिल होती हैं*

# पत्नी का व्याभिचारी होना पति के प्रति क्रूरता

- पति के तलाक की अपील स्वीकार, कोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने कहा कि विवाह में मानवीय भावनाएं शामिल होती हैं, यदि भावनाएं सूख जाएं तो उसके जीवन में वापस आने की संभावना नहीं होती। पत्नी का गैर मर्द से संबंध है, तो यह पति के लिए मानसिक क्रूरता है। इस क्रूरता पर पति तलाक की डिक्री पाने का हकदार है।

रायगढ़ जिला निवासी अपीलकर्ता का विवाह 1 मई 2003 को हिन्दू रीति रीवाज से हुआ था। विवाह के बाद तीन संतान हुए। पति एक दिन काम से बाहर गया व वापस लौटने पर उसने देखा कि पत्नी गैर पुरूष के साथ संदिग्ध परिस्थिति में थी। पति के शोर मचाने पर परिवार के अन्य लोग भी आ गए। उस व्यक्ति को पुलिस को दिया गया। पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय पति को भविष्य में शांति से रहने की समझाइश देकर भेज दिया। 2017 में पत्नी बच्चों को लेकर अपने मित्र के साथ रहने चली गई। पति उसे लेने गया किन्तु उसने आने से इंकार कर दिया। इस पर पति ने परिवार न्यायालय में तलाक के लिए आवेदन दिया जो खारिज हो गया।

### संबंध को पुनर्जीवित नहीं किया जा सकता

परिवार न्यायालय से आवेदन खारिज होने पर पति ने हाईकोर्ट में अपील पेश की। अपील में जस्टिस गौतम भादुड़ी एवं जस्टिस राधाकिशन अग्रवाल की डीबी में सुनवाई हुई। डीबी ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपने आदेश में कहा कि पत्नी ने व्यभिचारी कृत्य किया है, जो कि क्रूरता के समान है। हाईकोर्ट ने कहा कि वैवाहिक बंधन में गंभीरता की आवश्यकता होती है। विवाह में मानवीय भावनाएं शामिल होती है और भावनाएं यदि सूख जाएं तो शायद ही जीवन में आने की कोई संभावना बचती है। पत्नी ने पुलिस के सामने भी यह स्वीकार किया कि वह व्यक्ति उसका स्कूल कॉलेज का ब्वायफ्रेंड है, दोनों विवाह करना चाहते थे, किन्तु दोनों की जाति अलग होने से विवाह नहीं कर सके, उसने उक्त व्यक्ति से संबंध होने की बात भी स्वीकार की है। इसके साथ ही पति पत्नी दोनों वर्ष 2017 से अलग अलग रह रहे हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि पत्नी का उक्त कृत्य पति के लिए मानसिक क्रूरता है, इस कारण से वह तलाक की डिक्री पाने का हकदार है। हाईकोर्ट ने पति की अपील को स्वीकार कर लिया है।




### ऑटो उड़ान के दौरान यान को खुद के नियंत्रण में लिया

# सुनीता तीसरी बार पहुंचीं अंतरिक्ष मिशन पूरा होते ही खुशी से झूमीं

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर गुरुवार को सुरक्षित अंतरिक्ष पहुंच गए। इस दौरान विलियम्स खुशी से झूमती दिखीं। इसका एक वीडियो वायरल हो रहा है। बता दें, बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान पर सवार होकर अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के रास्ते में अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर ने उड़ान क्षमता (मैनुअल पायलटिंग) का परीक्षण भी किया। दोनों ने अंतरिक्ष यान के सदस्यों के तौर पर अपने हाथों में इसका नियंत्रण लेकर इतिहास रच दिया।

### पहले ले जा चुकीं हैं गणेश प्रतिमा व गीता



**कवायद के कई कारण:** बता दें, अंतरिक्ष यान आमतौर पर ऑटो होता है, लेकिन चालक दल ने करीब दो घंटे की ऑटो उड़ान के दौरान यान को खुद से नियंत्रण में लिया। उन्होंने स्टारलाइनर को पृथ्वी की ओर किया ताकि सेवा मॉड्यूल के पीछे इसका संचार एंटीना ट्रैकिंग और डाटा रिले उपग्रहों की ओर हो सके।

### गणेश मूर्ति, भगवद गीता और अब यह खास

विलियम्स पहले भगवान गणेश की मूर्ति और भगवद गीता को अंतरिक्ष में ले जा चुकी हैं। अब यह उनकी तीसरी अंतरिक्ष यात्रा है। जब वह अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंची तो कुछ खास अंदाज में नजर आईं। वह अंतरिक्ष पहुंचते ही खुशी से झूमती दिखीं। उन्होंने इस दौरान नृत्य भी किया और आईएसएस पर सवार सात अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को गले लगाया। विलियम्स और विल्मोर का स्वागत घंटी बजाकर किया गया, जो एक पुरानी आईएसएस परंपरा है। वहीं, अपने नृत्य पर सुनीता ने कहा कि चीजों को आगे बढ़ाने का यही तरीका है।

**बांग्लादेशी सांसद हत्याकांड**

### एक आरोपी को नेपाल ने भारत को सौंपा, लंबे समय से था फरार

**नई दिल्ली।** कोलकाता में बांग्लादेशी सांसद की हत्या का मामला इन दिनों चर्चाओं में हैं। हत्याकांड से जुड़े एक आरोपी को नेपाल ने आज भारत को प्रत्यर्पित कर दिया है। आरोपी बांग्लादेश का नागरिक है। नेपाली मीडिया के अनुसार, नेपाल पुलिस द्वारा संपर्क किए जाने के बाद सोमवार सुबह नेपाल की इंटरपोल शाखा ने मोहम्मद सियाम हुसैन को भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया। बता दें, हत्या के बाद हुसैन नेपाल फरार हो गया था, जिसे नेपाल के सीमावर्ती इलाके से गिरफ्तार किया गया था।



### बांग्लादेश के साथ नहीं है प्रत्यर्पण संधि

नेपाली मीडिया के अनुसार, बांग्लादेश पुलिस चाहती थी कि हुसैन को उनके हवाले किया जाए लेकिन नेपाल ने उसे भारतीय अधिकारियों को सौंप दिया, क्योंकि नेपाल और बांग्लादेश के बीच ढाका के साथ कोई भी प्रत्यर्पण संधि नहीं है। बांग्लादेश पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नेपाल से हुसैन को निर्वासित करने का अनुरोध किया था।

## जैकेट के शेष

### मोदी ही 'नेता'....

बात है। हम सौभाग्यशाली है कि हमें मोदी जी जैसा प्रधानमंत्री हमें मिलने जा रहा है।
भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बैठक की शुरुआत करते हुए कहा, ये हमारे लिए ऐतिहासिक पल है। जिस क्षण का इंतजार था, वो घड़ी आ गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने देश की सेवा में अपना एक-एक पल लगाया है। यही वजह है कि हम लगातार तीसरी बार बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बनाने जा रहे हैं। मैं ऐतिहासिक जीत के लिए सभी सांसदों को बधाई देता हूं।
**मोदी बोले- ये भावुक करने वाला पल :** मोदी ने कहा, एनडीए का नेता चुना जाना मेरा सौभाग्य है। इसके लिए जितना धन्यवाद करूं, उतना कम है। एनडीए पार्टियों के बीच मजबूत विश्वास है। ये पल मेरे लिए भावुक कर देने वाला है। हमारा ये गठबंधन सच्चे अर्थ में भारत की असली आत्मा है, भारत की जड़ों में जो रचा-बसा है, उसका प्रतिबिंब है। ये अटूट रिश्ता विश्वास की मजबूत धरातल पर है। ये सबसे बड़ी पूंजी होता है। आप सबके लिए जितना धन्यवाद करूं, उतना कम है।

### एनडीए संसदीय दल ....

अग्रवाल, तोखन साहू, रूपकुमारी चौधरी, कमलेश जांगड़े, महेश कश्यप, भोजराज नाग, चिंतामणि महाराज, राधेश्याम राठिया शामिल हुए। ये सभी नेता दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 जून को होने वाले शपथ ग्रहण तक रहेंगे। इसके बाद लौटेंगे।

### संस्कृत बोर्ड की ....

तक 3 हजार 504 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 2024 की मुख्य परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ में 41 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षाओं में रिकॉर्ड 10वीं में 98.48% व 12वीं में 98.43%उत्तीर्ण रहे थे।

### यूजी नीट के ....

उम्मीदवारों का तर्क है कि नीट का कथित पेपर लीक संविधान के अनुच्छेद 14 में वर्णित समानता के अधिकार का उल्लंघन है क्योंकि इस हरकत ने कुछ उम्मीदवारों जिन्होंने निष्पक्ष तरीके से परीक्षा देने का विकल्प चुना था, उनके मुकाबले दूसरों को अनुचित लाभ मिला। सिर्फ पेपरलीक ही नहीं परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों ने और भी कई तरह के आरोप लगाए हैं।
**नीट ने अपने को नीट एंड क्लीन बताया :** इन सभी आरोपों पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने अपनी सफाई पेश करते हुए खुद को नीट एंड क्लीन बताते हुए अपना पक्ष रखा है। एनटीए डीजी सुबोध कुमार ने कहा कि हम परिणाम जारी करने और परीक्षा प्रक्रिया आयोजित करने में पूरी तरह पारदर्शी हैं। हमारे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। एनटीए ने नीट परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को दी गई हाई कटऑफ और प्रतिपूरक अंकों पर स्पष्टीकरण भी दिया।
**तय डेट से पहले आया रिजल्ट? :** इस पर एनटीए का तर्क है कि 14 जून, 2024 के बजाय 4 जून, 2024 को नीट यूजी परिणाम घोषित करने की पहल उम्मीदवारों की सुविधा के रूप में की गई। एनटीए प्रोटोकॉल के अनुसार, आंसर-की चैलेंज की अवधि के बाद आवश्यक जांच पूरी करने के बाद परिणाम जल्द से जल्द घोषित किए जाने चाहिए। यह अवधि आमतौर पर 3 से 7 दिनों तक होती है। इन्फॉर्मेशन बुलेटिन में दी गईं रिजल्ट की डेट्स संभावित तिथियां हैं, लेकिन एनटीए जब संभव हो तो परिणाम घोषित करने का प्रयास करता है। नीट यूजी के परिणाम 4 जून तक तैयार हो गए थे, इसलिए घोषणा में दस दिन की देरी करने का कोई कारण नहीं था।
**शिकायतों के निवारण के लिए समिति गठित :** इसमें पांच मई को नीट यूजी के आयोजन के दौरान कुछ परीक्षा केंद्रों पर छात्रों को देरी हुई। एनटीए को प्रस्तुत की गई इन शिकायतों के निवारण के लिए सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद निर्णय लिया गया। एनटीए ने परीक्षा और शिक्षा के क्षेत्र के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों से मिलकर एक शिकायत निवारण समिति का गठन किया गया, ताकि ऐसी शिकायतों/अभ्यावेदनों पर विचार किया जा सके और अपनी सिफारिशें प्रस्तुत की जा सकें।
**परिणाम में कोई विसंगति नहीं : नीट :** एनटीए का कहना है कि नंबरों का कोई भी एडजस्टमेंट मानक फॉर्मूले का पालन करता है, जिसे सीसीटीवी एनालिटिक्स और ग्राउंड कर्मियों की रिपोर्ट के माध्यम से सभी तथ्यों की पूरी तरह से पुष्टि करने के बाद लागू किया जाता है। इसलिए, एनटीए द्वारा 4.6.24 को प्रकाशित परिणाम में कोई विसंगति नहीं है। इन्फॉर्मेशन बुलेटिन में दी गईं रिजल्ट की डेट्स संभावित तिथियां हैं, लेकिन एनटीए जब संभव हो तो परिणाम घोषित करने का प्रयास करता है। नीट यूजी के परिणाम 4 जून तक तैयार हो गए थे, इसलिए घोषणा में दस दिन की देरी करने का कोई कारण नहीं था।

## पेज एक के शेष

### चुनाव की खुमारी...

गौरतलब है, लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पिछले दो महीने से अधिकारियों व कर्मचारियों के चुनाव ड्यूटी में व्यस्त होने तथा आचार संहिता लागू होने के कारण प्रशासनिक विभागों के दफ्तरों में कामकाज की रफ्तार धीमी पड़ गई थी। इसके कारण कई अधिकारियों-कर्मचारियों के दफ्तर आने-जाने का समय भी बदल गया था। अधिकारियों के दफ्तरों में कम बैठने के कारण कर्मचारियों ने भी मनमाने समय पर ड्यूटी आना-जाना शुरू कर दिया था। यह सिलसिला चुनाव और आचार संहिता खत्म होने के बाद भी जारी है।
**रायपुर में 10:30 तक कई दफ्तरों में पसरा रहा सन्नाटा :** हरिभूमि की पड़ताल के दौरान रायपुर कलेक्टोरेट में कई विभागों के दफ्तरों में साढ़े दस बजे तक सन्नाटा पसरा रहा। इनमें आबकारी विभाग, खनिज विभाग, समग्र शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, अंत्यावसायी विकास विभाग, राजस्व विभाग, वित्त विभाग में एक-दो कर्मचारी ही साढ़े दस बजे तक पहुंचे थे, जबकि अन्य कर्मचारियों का साढ़े दस बजे के बाद दफ्तर आना शुरू हुआ, जो करीब 11 बजे तक चलता रहा। इस तरह दफ्तरों में सुबह 10 बजे 10 प्रतिशत कर्मचारी ही उपस्थित मिले, जबकि 90 प्रतिशत कर्मचारी 15 मिनट से लेकर एक घंटे तक विलंब से पहुंचते रहे। अधिकारी वर्ग में भी कई विभागों के दफ्तरों में अधिकारियों की कुर्सी खाली मिली।

### भिलाई निगम में भी...

ली। इस बैठक के अलावा निगम में कामकाज ठप सा रहा। इसका कारण आचार संहिता खत्म होने का अधिकृत पत्र है, जो अब तक निगम को नहीं मिला है।

### धमतरी के सरकारी दफ्तरों...

जिला पंचायत के दफ्तरों में भी कम कर्मचारी मिलेः जिला पंचायत कार्यालय में जिला परियोजना समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के परियोजना अधिकारी की कुर्सी 10.25 तक खाली थी, वे नहीं पहुंचे थे। कार्यालय उप संचालक पंचायत के डिप्टी डायरेक्टर सहित अन्य कर्मचारियों की कुर्सी भी खाली मिली। मनरेगा शाखा में 10.30 बजे परियोजना अधिकारी धरमसिंग उद्यानिकी उपसंचालक कुशवाहा के साथ पौधारोपण के संबंध में चर्चा करते नजर आए, जबकि कई कर्मचारियों की ऑफिस में उपस्थिति नहीं रही। कम्पोजिट बिल्डिंग के उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं सहायक ए संचालक मछली पालन, संचालक नगर तथा ग्राम निवेश रोजगार कार्यालय में भी 10.30 बजे तक गिनती कर्मचारी उपस्थित रहे, जबकि अधिकारियों की उपस्थिति नहीं रही।

### राजनांदगांव में भी चल...

कुछ कर्मचारी समय पर दफ्तर पहुंच चुके थे। वहीं कई कर्मचारी लेट-लतीफी कार्यालय पहुंचते देखे गए। खासकर शिक्षा विभाग, खनिज विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग में यह आलम बना हुआ है। इधर नगर निगम कार्यालय में भी यही हाल है। कर्मचारी आराम से निर्धारित समय का ध्यान न रखते हुए अपनी मर्जी के हिसाब से कार्यालय पहुंच रहे हैं। कई फील्ड के कर्मचारी भी अपने हिसाब से कार्य में पहुंचते देखे जा रहे हैं। निगम में बड़ी संख्या में रोजाना कई हितग्राही विभिन्न कार्यों को लेकर कार्यालय पहुंचते हैं, जिन्हें कर्मचारियों का इंतजार करना पड़ रहा है।

### पुल के दोनों तरफ...

साथियों को मारकर फेंका गया है या वो जान बचाने पुल से नीचे कूदे। घटना की पुष्टि करते हुए एएसपी ग्रामीण कीर्तन राठौर ने मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही है।

### बचने के लिए रायपुर...

के बाद तीनों को माहनदी के पुल से नीचे फेंकने की बात सामने आ रही है। ट्रक ड्राइवर तथा उसके साथियों के साथ मारपीट करने के बाद महानदी के पुल से नीचे फेंका या वे डर से कूदे इस संबंध में पुलिस जांच करने के बाद कुछ कह पाने की बात कह रही है।

## नरेंद्र मोदी भी लगातार तीसरी बार बनाने जा रहे सरकार

# तीसरे कार्यकाल में नेहरू को भी कई चुनौतियों का करना पड़ा था सामना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के लिए तैयार हैं। हालांकि बीजेपी को पूर्ण बहुमत नहीं मिला लेकिन सबसे बड़े लोकतंत्र में तीसरी बार सबसे अधिक सीटें जीतना कोई छोटी उपलब्धि भी नहीं है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के बाद मोदी दूसरे ऐसे पीएम होंगे जो लगातार तीसरी बार इस पद की कमान संभालेंगे। नेहरू की तरह ही मोदी भी बंटे हुए राजनीतिक परिदृश्य के बीच अपने तीसरे कार्यकाल में कदम रख रहे हैं। जहां नेहरू को अपनी पार्टी के बाहर क्षेत्रीय ताकतों और उनकी महत्वाकांक्षाओं से निपटना था, वहीं मोदी को उनकी मांगों के प्रति अधिक उदार होना होगा।



### नेहरू के तीन कार्यकाल

स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्रता दिवस से 27 मई, 1964 तक सत्ता में रहे। पीएम मोदी के विपरीत नेहरू को मजबूत विरोध का सामना नहीं करना पड़ा क्योंकि उस समय एकमात्र राज्य और राष्ट्रीय स्तर की राजनीतिक पार्टी कांग्रेस ही थी। क्षेत्रीय दलों की बढ़ती आलोचना और प्रभाव के बावजूद ब्रांड नेहरू पर असर नहीं पड़ा क्योंकि 1962 में तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री नेहरू ने 494 लोकसभा सीटों में से 361 जीतकर अपना तीसरा कार्यकाल जीता। सीपीआई 29 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही और राजाजी की स्वतंत्र पार्टी ने 18 सीटें जीतीं।

### क्षेत्रीय दलों ने किया था नेहरू का विरोध

जवाहरलाल नेहरू ने तीन चुनाव बहुमत से जीते। हालांकि 1962 के लोकसभा चुनाव में एक और शानदार जीत के बावजूद नेहरू को कांग्रेस के भीतर और बाहर (विशेषकर क्षेत्रीय दलों से) उनके अधिकार पर सवाल उठाते हुए चुनौतियों का सामना करना पड़ा। 1951-52 के पहले आमचुनाव में नेहरू के नेतृत्व में कांग्रेस ने लोकसभा की 489 सीटों में से 364 सीटें हासिल कीं। यह कुल सीटों का लगभग 75% था। 1957 के चुनावों ने भारतीय राजनीति में नेहरू के प्रभुत्व को मजबूत किया। कांग्रेस ने लोकसभा की 494 सीटों में से 371 सीटें जीतीं।

### बिखरा विपक्ष नहीं दे सका था कड़ी चुनौती

न केवल राष्ट्रीय स्तर पर, बल्कि राज्यों में भी कांग्रेस का शासन 1957 तक निर्विवाद रहा। इसके बाद 1957 में पार्टी को केरल में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) से हार का सामना पड़ा। 1957 में विपक्ष बिखरा हुआ था और उसके पास कांग्रेस को गंभीर चुनौती देने के लिए संगठनात्मक ताकत और नेतृत्व का अभाव था। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और भारतीय जनसंघ जैसी पार्टियां भी अपनी शुरुआती अवस्था में थीं और कांग्रेस के प्रभुत्व को कोई खास नुकसान नहीं पहुंचा सकी। जहां पूरे देश में लोगों ने सर्वसम्मति से नेहरू के नेतृत्व को स्वीकार किया, वहीं कांग्रेस के राज्य और स्थानीय नेतृत्व पर लगातार सवाल उठाए जा रहे थे। राज्य स्तर पर पार्टी नेतृत्व क्षेत्र में प्रमुख जातियों और वर्गों जैसे महाराष्ट्र में मराठा, गुजरात में पटेल, आंध्र प्रदेश में रेड्डी के साथ एकजुट था।

### 1962 में नेहरू का तीसरा कार्यकाल

हालांकि नेहरू बढ़ते असंतोष से अवगत थे। अपने तीसरे कार्यकाल में नेहरू की सरकार को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। अक्टूबर 1962 में चीन के साथ युद्ध ने नेहरू की विदेश नीति के पंचशील सिद्धांत को एक महत्वपूर्ण झटका दिया और कांग्रेस पार्टी को 1962 के लोकसभा चुनाव और जुलाई 1963 के बीच हुए कई उपचुनावों में हार का सामना करना पड़ा। इन असफलताओं ने आचार्य जेबी कृपलानी, राम मनोहर लोहिया और दीनदयाल उपाध्याय जैसे विपक्षी नेताओं को जमीन हासिल करने का मौका दिया, जिससे अंततः अगस्त 1963 में नेहरू की सरकार के खिलाफ पहला अविश्वास प्रस्ताव आया। नेहरू प्रस्ताव को हराने में कामयाब रहे, लेकिन यह पहला मौका था जब जब विपक्ष ने कद्दावर कांग्रेसी की ताकत को चुनौती दी थी।

## गुरुद्वारे की चुनावी यात्रा...



स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आम चुनाव अभियान के दौरान शुक्रवार को एसएनपी नेता जॉन स्विनी (बीच में) और संसदीय उम्मीदवार क्रिस स्टीफंस (दाएं) ग्लासगो गुरुद्वारा की यात्रा के दौरान रसोई दिखाते हुए।

## कंगना के थप्पड़ कांड पर उद्धव गुट के नेता पर भड़के संजय निरुपम

# 'किसी दिन संजय राउत को भी पड़ सकता है थप्पड़'

एजेंसी ▸▸| मुंबई

चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर कंगना के महिला सुरक्षा कर्मी से मंडी से बीजेपी सांसद कंगना रनौत को थप्पड़ जड़ दिया। हालांकि, आरोपी महिला सुरक्षा कर्मी ने इसके पीछे की वजह भी बताई कि उसके कंगना को क्यों थप्पड़ मारा था। कंगना के थप्पड़ पड़ने के बाद कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने समर्थन भी किया तो कई ने इसको दुर्भाग्यपूर्ण घटना करार दी और निंदा की। शिवसेना नेता संजय निरुपम ने कहा, 'सीआईएसएफ की महिला सुरक्षाकर्मी ने जिस प्रकार नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत को थप्पड़ मारा है उस घटना की निंदा की जानी चाहिए, क्योंकि यह सभ्य समाज का तरीका नहीं है, लेकिन जिस तरह संजय राउत ने कंगना रनौत को थप्पड़ मारे जाने का समर्थन किया है, मैं आज दावे के साथ कहता हूं कि खुद संजय राउत जिस तरह लोगों का दिल दुखाने वाली इतनी बातें करते हैं वे तैयार रहें किसी दिन उन्हें भी थप्पड़ पड़ जाएगा।'



### कंगना ने सोशल मीडिया पर लिखा फिर डिलीट किया

सोशल मीडिया पर कंगना के साथ हुई घटना की लोगों ने निंदा की है। फैंस एक्ट्रेस के सपोर्ट में उतरे हैं, लेकिन अभी तक फिल्म इंडस्ट्री से किसी का रिएक्शन इस मामले में नहीं आया है। इससे कंगना बेहद आहत हैं। उन्होंने इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट लिख इंडस्ट्री के लोगों को कॉल आउट किया है। हालांकि बाद में एक्ट्रेस ने ये पोस्ट डिलीट कर दी। इसमें कंगना ने लिखा था- डियर फिल्म इंडस्ट्री आप सभी लोग या तो एयरपोर्ट पर मुझ पर हुए हमले को सेलिब्रेट कर रहे हैं या फिर इस पर पूरी तरह चुप्पी साधे हुए हैं, लेकिन याद रखना अगर कल को आप अपने देश की किसी सड़क पर या दुनिया में कहीं और चल रहे होंगे, तब कुछ इजरायली/फिलिस्तानी आप या आपके बच्चे पर हमला करते हैं बस इसलिए क्योंकि आप सभी राफा के लिए खड़े थे, इजरायली होस्टेज के समर्थन में थे तब आप देखेंगे मैं आपके बोलने की आजादी के लिए लड़ूंगी।



# चीन की नाराजगी पर भड़का ताइवान, कहा- भारत के साथ बनाएंगे साझेदारी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

ताइवान के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकसभा चुनाव में जीत के लिए बधाई दी तो चीन भड़क गया और इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सभी देशों को वन चाइना पॉलिसी का समर्थन करना चाहिए। चीन की नाराजगी पर अब ताइवान ने भी ड्रैगन को आंखें दिखाई हैं और कहा है कि वह भारत के साथ साझेदारी बनाने के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी किए एक बयान में कहा, 'दो लोकतांत्रिक देशों के नेताओं के बीच शुभकामनाओं के आदान-प्रदान पर चीन की नाराजगी पूरी तरह से अनुचित है। डराना और धमकाना कभी भी दोस्ती को नहीं पनपने देता। ताइवान आपसी फायदे और साझा मूल्यों के चलते भारत के साथ साझेदारी बनाने के लिए समर्पित है।'

## रूस : नदी में डूबे चार भारतीय स्टूडेंट्स

**मास्को।** रूस के सेंट पीटर्सबर्ग के पास एक नदी में चार भारतीय मेडिकल छात्र बह गए। एक अधिकारी ने बताया कि रूस की एक स्टेट यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले हर्षल अनंतराव देसाले, जीशान पिंजरी, जिया फिरोज पिंजरी और मलिक गुलाम गौस मोहम्मद याकूब वोल्खोव नदी में बह गए हैं। चारों छात्र महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। एक अन्य छात्रा निशा भूपेश को बचा लिया गया है। भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से भी इस मामले में एक बयान सामने आया है। मंत्रालय ने कहा है कि यह घटना बहुत दुखद है और परिवार की हर संभव मदद की जा रही है। रूसी मीडिया की खबरों के मुताबिक वोल्खोव नदी में एक छात्रा फंस गई थी जिसे उसके चार साथियों ने बचाने की कोशिश की। खबर के अनुसार उसे बचाने के प्रयास में उसके साथ तीन अन्य छात्र भी नदी में डूब गए।

## अखिलेश यादव को सौंपी गई बड़ी जिम्मेदारी

# नीतीश-नायडू के लिए विकल्प और दरवाजे खुले रखेगा इंडिया

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इंडिया गठबंधन ने फैसला किया है वह सरकार बनाने का प्रयास नहीं करेगा। लेकिन इस बीच गठबंधन में शामिल कुछ विकल्प तलाश रहे हैं। विशेष रूप से टीएमसी और शिवसेना (यूबीटी) और आम आदमी पार्टी, भाजपा को मात देने के लिए गठबंधन में दलों की संख्या बढ़ाने के विकल्प तलाशने पर जोर दे रही है। सूत्रों ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने चुनाव नतीजों के दिन ही एसपी नेता अखिलेश यादव से बात की थी और उनसे टीडीपी के एन चंद्रबाबू नायडू तक पहुंचने के लिए कहा था।



**अखिलेश यादव को मिली बड़ी जिम्मेदारी :** गुरुवार को ममता बनर्जी के भतीजे और टीएमसी के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी और सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने नई दिल्ली में अखिलेश यादव से मुलाकात की। हालांकि सपा के सूत्रों ने कहा कि अखिलेश यादव को चंद्रबाबू नायडू या नीतीश कुमार के इतनी जल्दी पाला बदलने की उम्मीद नहीं है, लेकिन वे टीएमसी नेताओं से सहमत हैं। कांग्रेस आक्रामक रूप से संख्या बल जुटाने के मूड में नहीं है क्योंकि इंडिया गुट दावा करने की स्थिति में नहीं है।
**कांग्रेस की सोच :** कांग्रेस में सोच यह है कि गठबंधन को नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू के लिए विकल्प और दरवाजे खुले रखने चाहिए। टीएमसी के सूत्रों ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल से भाजपा के तीन नवनिर्वाचित सांसद बनर्जी के संपर्क में हैं। टीएमसी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, "नरेंद्र मोदी की बीजेपी ने 10 साल तक सरकार चलाई। हम यहां से आगे बढ़ते हैं।"

### कांग्रेस को मिला निर्दलियों का साथ

दूसरी ओर, दो निर्दलीय (बिहार के पूर्णिया से जीते कांग्रेस के बागी पप्पू यादव और महाराष्ट्र के सांगली से चुने गए विशाल पाटिल) कांग्रेस का समर्थन करने के लिए तैयार हैं। एक टीएमसी नेता ने कहा, "शुरुआती बिंदु यह है कि यह एक गैर-भाजपा मोदी सरकार होगी। उसके बाद कुछ भी हो सकता है। पार्टी का यह भी मानना है कि वामपंथी अब इंडिया ब्लॉक में निर्णय नहीं ले सकते।"एक नेता ने कहा, "सपा जैसी पार्टियां हैं जिनके पास 37 सीटें हैं, टीएमसी के पास 29 और शिवसेना (यूबीटी) के पास 9 सीटें हैं। हम अन्य पार्टियों की फोटोकॉपी नहीं हैं, हमारे अपने विचार हैं।"

## राशिफल


**मेष** — वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।


**वृष** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।


**मिथुन** — माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।


**कर्क** — आत्मवश्विास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शिक्षा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।


**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।


**कन्या** — स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा ।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।


**तुला** — वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**वृश्चिक** — शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।


**धनु** — कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवश्विास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।


**मकर** — कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।


**कुंभ** — कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।


**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

## शब्द पहेली - 5535



**बाएँ से दाए**
1. सरदार, अगुआ-4
5. जनमत, एक राय-4
9. पुराना जुकाम-3
10. चिंता, परवाह-3
12. पैंदा, तल्ला-2
14. ताल, सुर, आलाप-2
15. महोदय (अंग्रेजी-2)
16. लाडला, दुलारा-2
17. निवास करना-3
19. डोली उठाने वाले-3
21. नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22. तड़फाना-4
24. जल में रहनेवाला-4
25. दरियादिल, करुण-5
26. इराक की राजधानी-4
29. भेंट, पुरस्कार-4
33. पासों से भविष्य देखना-3
34. अश्ववाहक, घुड़सवार-3
36. चौकसी, रखवाली-3
37. हलक, कंठ-2
38. सदैव-2
39. लार -2
42. निश्चित-2
42. कालीन-3
43. बंदर, मर्कट-3
45. किसान-4
46. इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**
2. क्रिकेट में बनते हैं-2
3. नगमा, गीत (उर्दू-3)
4. जो लायक न हो-4
5. अधिकारी, अफसर-4
6. राशिचक्र की एक राशि -3
7. झगड़ा, बैर-2
8. आदत, व्यवहार-4
11. शमशीर-4
13. तरंग, हिलोर-3
16. तृष्णा, लोभ-3
18. अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20. जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21. नीर, पानी-2
23. देवर्षि-3
24. ईर्ष्या, डाह-3
26. वटवृक्ष-4
27. जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28. दलहन-2
30. मंत्र जाप-2
31. तसल्ली, आराम-3
32. भगवान विष्णु-4
34. धर्मशीलता-4
35. पैजामा-4
38. तमीज-3
40. साजन, प्रेमपात्र-3
42. पहरा, चौकसी-2
44. अवकाश-2

**शब्द पहेली- 5534 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5546

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5545 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |




# तीन दशक से नक्सल संगठन में शामिल इनामी नक्सली गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

सुकमा जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र स्थित दुलेड़ के जंगल से सर्चिंग पर निकली संयुक्त टीम ने एक माओवादी को घेराबंदी कर पकड़ा है। पकड़े गए माओवादी पर पद के अनुरूप 1 लाख रुपए का ईनाम घोषित था।

एसपी सुकमा द्वारा गिरफ्तारी पर 5 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था।सुकमा पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली चिंतागुफा क्षेत्र का निवासी है और नक्सल संगठन में विगत 30-35 वर्षों से सक्रिय था। सुकमा जिले में आईजी सुंदरराज पी, डीआईजी कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ अरविंद राय के मार्गदर्शन व एसपी सुकमा किरण चव्हाण, एएसपी निखिल अशोक कुमार राखेचा, अभिषेक वर्मा के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए हार्डकोर नक्सली को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दुलेड़ के जंगल में नक्सलियों की मीटिंग चल रही है।

# बच्चे नहीं होने के ताने से त्रस्त पति ने कर दी पत्नी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



बच्चे नहीं होने के कारण पत्नी के ताने सुन-सुनकर त्रस्त हो चुके पति ने अंततः अपनी पत्नी की हत्या कर दी। इस सनसनीखेत बारदात के करीब 18 दिन बाद अब कुण्डा पुलिस ने जांच उपरांत आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 302, 201 के तहत कार्यवाही की है। गत 19 जून को डॉयल 112 को कुण्डा थाना क्षेत्र के ग्राम सैन्हाभाठा निवासी प्रार्थी दुर्गे मल्लाह के मार्फद इस बात की सूचना मिली की उसके घर में उसकी पत्नी श्रीमती कंचन उर्फ लता मल्लाह की मौत हो गई है। इस सूचना के बाद मौके पर पहुंची कुण्डा पुलिस टीम ने मौके से मृतका का शव बरामद कर धारा 174 के तहत मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया। क्योंकि मामला विवाहित महिला से जुड़ा था घटना की जानकारी कुण्डा पुलिस ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई और शव का पीएम कराया गया। लेकिन बताया जाता है कि पीएम रिपोर्ट में भी चिकित्सक महिला की मौत की वजह स्पष्ट नहीं कर पाए जिस पर चिकित्सकों की सलाह पर पुलिस द्वारा महिला का बिसरा जांच के लिए रायपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

## पहले शराब पिलाई फिर तकिया से मुंह दबाकर कर दी हत्या

आरोपी ने बताया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या करने के लिए सबसे पहले उसे शराब पिलाई और जब वह शराब के नशे धुत होकर सो गई तो तकिया से उसका मुंह दबाकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी ने बताया कि पत्नी की हत्या करने के बाद उसने ही डॉयल 112 को सूचना दी। ताकि पुलिस को उस पर किसी प्रकार का कोई शक न हो।

# कुट्टी काटते मजदूर का हाथ कटा मशीन मालिक पर कार्रवाई

**धमतरी।** पैरा कुट्टी काटने के दौरान मशीन की चपेट में आने से मजदूर युवक का हाथ कट गया। इस मामले में पुलिस मशीन मालिक के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम रांवा निवासी फिलेन्द्र साहू पिता योगेन्द्र उम्र 17 वर्ष गांव के हेमसिंह साहू की ट्रेक्टर पैरा कुट्टी मशीन में पैरा काटने का काम करता है। 19 मई की सुबह फिलेन्द्र कुमार हेमसिंह के साथ गांव के यशवंत सिन्हा के ब्यारा में ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 05 एपी 6241 पैरा कुट्टी काटने गया था। चालक हेमसिंह की लापरवाही से कुट्टी काटते समय फिलेन्द्र का हाथ कुट्टी मशीन में चला गया जिससे उसका बायां हाथ कलाई तक कट गया। घटना के बाद लहूलुहान युवक को उपचार के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## न्यायालय तहसीलदार दुर्गूकोंदल जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

कार्यालय फोन नं. 0784423322 Email ID : tahsildkl@gmail.com

रा.प्र.क्र./202405140100023/अ-20(3)/2023-24 ग्राम राउरवाही प.ह.नं. 07

**//उद्घोषणा पत्र//**

एतद द्वारा ग्राम राउरवाही तहसील दुर्गूकोंदल के सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित कर सूचित किया जाता है कि वनमण्डलाधिकारी पूर्व भानुप्रतापपुर वनमण्डल भानुप्रतापपुर के पत्र क्रमांक/ मां.चि./2024/4053 भानुप्रतापपुर दिनांक 08.05.2024 के अनुसार मेसर्स जे.एस.डब्ल्यू. इस्पात स्पेशल प्रोडक्ट्स लिमिटेड को भूमिगत 33 के.व्ही. विद्युत लाईन बिछाने एवं पहुंचमार्ग चौड़ीकरण के लिए वन (संरक्षण एवं संवर्धन) अधिनियम 1980 के तहत वन भूमि का गैर वानिकी कार्य हेतु भारत सरकार, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय नवा रायपुर के पत्र क्रमांक FC-8/12/2024-IRO-Raipur/22 दिनांक 26. 04.2024 एवं शुद्धिपत्र ( Corrigendum) क्रमांक FC-8/12/2024- IRO-Raipur/27 दिनांक 29.04.2024 द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अंतर्गत प्रथम चरण की स्वीकृति प्रदान की गई है। अधिरोपित शर्त क्रमांक ii(b) के पालन में वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु ग्राम राऊरवाही, पटवारी हल्का नंबर 07 तहसील दुर्गूकोंदल में स्थित खसरा नंबर 66 के कुल रकबा 14.780 हेक्टेयर में से 1.40 हेक्टेयर वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु चयनित राजस्व भूमि का वन विभाग के पक्ष में हस्तांतरण करने हेतु प्रकरण कलेक्टर महोदय कांकेर से न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) भानुप्रतापपुर के माध्यम से इस न्यायालय में जांच प्रतिवेदनार्थ प्राप्त हुआ है। अतः वन विभाग को ग्राम राउरवाही पटवारी हल्का नम्बर 07 तहसील दुर्गूकोन्दल में स्थित शासकीय भूमि खसरा नम्बर 66 रकबा 14.780 हेक्टयर में से रकबा 1.40 हेक्टयर भूमि वैकल्पिक वृक्षारोपण के लिए आबंटित करने के संबंध यदि जिस किसी व्यक्ति या संस्था विभाग को कोई आपत्ति या दावा हो तो वह 15 दिवस के भीतर अथवा दिनांक 11/06/2024 तक अपनी आपत्ति व दावा लिखित रूप से अद्योहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। ध्यान रहें कि नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा । आज दिनांक 28/05/2024 को यह उदघोषणा पत्र मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक :- 28/05/2024**
**पेशी दिनांक :- 11/06/2024**

मुहर

तहसीलदार
दुर्गूकोंदल

## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रब्यूशन कंपनी लिमिटेड

कार्यालय– सहायक अभियंता (परियोजना)
छ.स्टे.पा.डि.कं.लि. कोण्डागांव

क्र./ सहा.अभि./परियोजना/सामा. / 63 कोण्डागांव दिनांक 07/06/2024

**// आवश्यक सूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि परियोजना संभाग, कोण्डागांव के अन्तर्गत कोण्डागांव संभाग में 220 / 132/33 के.व्ही. उपकेन्द्र नेलवाड से 33/11 केव्ही उपकेन्द्र बयानार तक लगभग 15 कि०मी० 33 के0व्ही० लाईन का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिसे दिनांक 07.06.2024 को उर्जीकृत किया जा चुका है, अतः लाईन से लगे हुए खंभे, स्टे एवं तार आदि पर चढ़ने अथवा छूने का प्रयास न करें, इससे घातक दुर्घटना हो सकती है, जिसके लिए छ.स्टे.पा.डि.कं.लि. उत्तरदायी नहीं होगा ।

विवरण इस प्रकार है:-

| क्र. | उपकेन्द्र का नाम | प्रभावित ग्रामों का नाम |
|---|---|---|
| 01 | 220/132/33 के. व्ही. उपकेन्द्र नेलवाड से 33/11 केव्ही उपकेन्द्र बयानार तक लगभग 15 कि.मी. 33 के.व्ही. लाईन | भूरवाल, चिमडी ( प्लाटपारा, भीमापारा), टेमरूगांव, चेरंग, मुन्गवाल, बयानार |

सहायक अभियंता (परियोजना)
छ.स्टे.पा.डि.कं.लि. कोण्डागांव

### परिशिष्ट IV-A
### अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई– नीलामी बिक्री सूचना।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड [CIN: L65922DL2005PLC136029] (''सुरक्षित लेनदार द्वारा'')** द्वारा **वास्तविक कब्जा** लिया जा चुका है, **27.06.2024** को **शाम 04.00 बजे से 05.00 बजे** तक **''जहां है'', ''जैसा है'', और ''जो कुछ भी है''**, की वसूली के लिए **ऋण खाता नं. HHLRPR00354723** के लिए **रु. 22,74,746/- (रुपए बाईस लाख चौहत्तर हजार सात सौ छियालीस मात्र)** के लिए **03.06.2024** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागू भावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **04.06.2024** से प्रभावी जो **मनोज कुमार राठौड़ और मंजुलता राठौड़** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा ।

अचल संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रु. 10,00,000/- (रुपए दस लाख मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(''ईएमडी'') रु. 1,00,000/- (रुपए एक लाख मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के 10% के बराबर होगा ।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**प्लॉट नंबर जे–134, सर्वे नंबर 306 के भाग में 954 वर्ग फीट का क्षेत्रफल, ''संस्कार सिटी'' में, गांव धनसुली में स्थित है, पी. एच. नंबर 69/12, आर.एन.एम. मंदिर हसौद, खसरा नंबर 259/1, 259/2, 262/1, 262/2, 263, 306, क्षेत्रफल 5.92 हेक्टर, तहसील आरंग, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़। उक्त संपत्ति इस प्रकार सीमाबद्ध है :–**

**उत्तर की तरफ : प्लॉट नंबर 134** **पूर्व की तरफ : प्लॉट नंबर 134–आई**
**दक्षिण की तरफ : सड़क** **पश्चिम की तरफ : चारदीवारी**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.indiabullshomeloans.com देखें; संपर्क का नंबर: 0124-6910910, +91 7065451024; ई–मेल आईडी: auctionhelpline@indiabulls.com। बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें

सही/–
**दिनांक : 04.06.2024** प्राधिकृत अधिकारी
**स्थान : रायपुर** इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

## आम सूचना

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा गौरी शंकर पिता चंदनसिंह जाति कोष्टा निवासी ग्राम मसोरा तह. व जिला-कोंडागांव (छ.ग.) से उसके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम मसोरा प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. मसोरा तहसील व जिला-कोंडागांव (छ.ग.) जिसका खसरा नंबर 65/3, रकबा 0.93 हे. भूमि स्थित है को विक्रय करने का सौदा किया गया है, मात्र पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक आदि को उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का कोई दावा आपत्ति करना हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर अपने स्वामित्व संबंधित संपूर्ण दस्तावेज सहित स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समयावधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगा एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

दिनांक :-07.06.2024

**श्रीमती रूखमणी, अधिवक्ता**
**ग्राम कलारतराई धमतरी (छ.ग.)**
**मो.नं. 62614-86265, 91118-73054**

## श्री साईबाबा न्यासी संस्थान, शिरडी

एम.पी.ओ. शिरडी, रहटा, जिला. अहमदनगर पिन 423109
फोन नं. (02423) - 258671/676 वेबसाइटः (www.sai.org.in)
ई-मेलः housing.purchase@sai.org.in

**पुनः ई-निविदा सूचना**

**श्री साईबाबा संस्थान के श्री साईबाबा अस्पताल और श्री साईनाथ अस्पताल के लिए वर्ष 2023-24 के लिए ओ. टी. सर्जिकल, कैथलैब कार्डियक ओ. टी. सामग्री, न्यूरो ओ. टी. सामग्री की खरीद के लिए प्राथमिक निर्माता / आयातक / कंपनी अधिकृत वितरक से पुनः निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं। निविदा विवरण वेबसाइट** www.mahatenders.gov.in **पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध रहेगा। विस्तृत जानकारी और नियम व शर्तों के लिए हमारी आधिकारिक वेबसाइट** www.sai.org.in **पर जाएं।**

**निविदा प्रस्तुत करने की आरंभ तिथि - 10/06/2024.**
**प्री-बिड मीटिंग की तिथि - 12/06/2024.**
**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 26/06/2024**

**गोरक्ष गाडीलकर, भा.प्र.से,**
**मुख्य कार्यकारी अधिकारी,**

## छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल

पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

**// सर्व संबंधित को सूचना //**

भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 (यथा - संशोधित) के तहत् सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि मेसर्स रामा उद्योग प्राईवेट लिमिटेड, सिलतरा इण्डस्ट्रीयल ग्रोथ सेंटर, फेज-II, ग्राम -सिलतरा, तहसील- धरसींवा, जिला- रायपुर (छ.ग.) में Proposed Reconfiguration of DRI Kilns 4x50 TPD to 2x100 TPD of Sponge Iron 60,000 TPA and expansion MS Billet / Ingot & Rerolled products through If with CCM & Rolling Mill from - 57,800 TPA to 2,50,000 TPA, Installation of Billet RF (Coal Gasifier) based 30,000 TPA, SiMn - 9,000 TPA and CPP- 14 MW (Existing WHRB-6 MW & AFBC-2 MW) and new Biomass Based – 6 MW के पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् **लोक सुनवाई दिनांक 09/07/2024 को प्रातः 11:00 बजे से स्थल- सी.एस.आई.डी.सी. भवन परिसर, औद्योगिक क्षेत्र, फेस - II सिलतरा, जिला- रायपुर (छ.ग.)** में नियत की गई है। यह भी सूचित हो कि :-

1. लोक सुनवाई के दौरान सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों को फिजिकल / सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य होगा।
2. लोक सुनवाई में सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों द्वारा मास्क का उपयोग किया जावेगा तथा समय-समय पर सेनेटाईजर का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा।
3. लोक सुनवाई स्थल पर सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों की बैठक व्यवस्था कम से कम 02 मीटर की दूरी रखना अनिवार्य होगा।
4. कोरोना वायरस के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशो का अक्षरशः पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 14 सितम्बर 2006 (यथा - संशोधित) के अनुसार संबंधित व्यक्तियों के अवलोकन / पठन हेतु ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालक सार हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा तथा सी.डी. (साफ्ट कॉपी) डायरेक्टर, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, जोर बाग रोड, नई दिल्ली, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़, कार्यालय कलेक्टर रायपुर, जिला - रायपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कार्यालय, जिला - रायपुर, मुख्य महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला-रायपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत धरसींवा, जिला - रायपुर, कार्यालय सरपंच, ग्राम पंचायत सिलतरा, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.), क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ पर्यावरण संरक्षण मंडल, न्यू ऑफिस बिल्डिंग, रिंग रोड़ नं. - 2, टाटीबंध रायपुर, जिला - रायपुर एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर, जिला - रायपुर में रखी गई है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

## पूर्व तट रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. **VSKP-EL-C-T-182E,** दिनांक : **31.05.2024**

**कार्य का नाम : "पूर्व तट रेलवे के वाल्टियर मण्डल में दो वर्ष की अवधि के लिए प्री NI/NI के लिए अस्थायी रोशनी व्यवस्था के साथ निर्माणाधीन संगठन कार्यालय के विभिन्न विद्युतीय कार्य सहित सेवा भवन, स्प्लिट एयर कंडीशनर यूनिट का विद्युतीय रख-रखाव"।**

**कार्य की आकलित लागत (रुपये में) : ₹ 73.32 लाख,** EMD (रुपये में) : **₹ 1,46,700/-,** पूरा होने की अवधि : **24 महीने।**

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक **01.07.2024** को **1530** बजे।

ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी किसी भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

निविदाकारों को उनके लिए दिये गये सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक -B जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (अतिरिक्त जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।

उप मुख्य विद्युत अभियन्ता(निर्माण)/ विशाखापट्टनम
PR-24/CH/24-25

## पूर्व तट रेलवे

**(1)** सूचना सं. **eT-East-WAT-19-2024,** दिनांक : **30.05.2024**

**कार्य का नाम : सहायक मण्डल अभियन्ता / विजयनगरम के अधिकार क्षेत्र के अधीन सीमित ऊँचाई वाले उपमार्गों में प्राकृतिक या संचित जल को निकालने के साथ जनता के सुगम मार्ग के लिए संप, नालियों आदि की सफाई।**

**कार्य की आकलित लागत (रुपये में) : ₹ 44,98,824.63,** EMD (रुपये में) : **₹ 90,000/-।**

**(2)** सूचना सं. **eT-East-WAT-20-2024,** दिनांक : **30.05.2024**

**कार्य का नाम : सहायक मण्डल अभियन्ता / श्रीकाकुलम रोड अधिकार क्षेत्र के अधीन सीमित ऊँचाई वाले उपमार्गों में प्राकृतिक या संचित जल को निकालने के साथ जनता के सुगम मार्ग के लिए संप, नालियों आदि की सफाई।**

**कार्य की आकलित लागत (रुपये में) : ₹ 49,82,710.21,** EMD (रुपये में) : **₹ 99,700/-।**

**(3)** सूचना सं. **eT-East-WAT-21-2024,** दिनांक : **30.05.2024**

**कार्य का नाम : वरिष्ठ मण्डल अभियन्ता / पूर्व / वाल्टियर अधिकार क्षेत्र के अधीन मुख्य लाइन में पलासा-कोरुकोंडा के बीच सेस, ट्रॉली रिफ्यूज एवं अनुभागीय नालियों की मरम्मत।**

**कार्य की आकलित लागत (रुपये में) : ₹ 5,92,07,428.55,** EMD (रुपयेमें): **₹ 4,46,000/-।**

कार्य पूरा होने की अवधि : **12 महीने** (सभी निविदा के लिए)।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक **24.06.2024** को **1500** बजे (सभी निविदा के लिए)।

ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव के बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे।

**द्रष्टव्य** : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने के कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर
PR-184/P/24-25

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

Tel No. 07727-223138-Email : cmobalodabazar@rediffmail.com & cmobalodabazar@ymail.com

क्रमांक / 479/ लो.नि.वि./न.पा.प./2024 बलौदाबाजार, दिनांक 06.06.2024

**मैन्यूअल निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को अधोसंरचना मद के लिए विभिन्न निर्माण कार्य हेतु एकीकृत पंजीकृत प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार / व्यक्ति / संस्था / फर्म को निम्नांकित कार्य हेतु मैन्यूअल निविदा प्रपत्र "अ" त्री-लिफाफा पद्धति से मोहरबंद लिफाफा स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डॉक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि - 24/06/2024 समय शाम 05.00 बजे तक
02. परीक्षण उपरांत खाली निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 26/06/2024 समय दोपहर 01.00 बजे तक
03. निविदा प्रारूप में पंजीकृत डॉक से निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 01/07/2024 समय दोपहर 03.00 बजे तक
04. प्राप्त निविदाएं खोलने की तिथि - 01/07/2024 समय शाम 04.30 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि ( लाख में) | अमानत राशि (एफ. डी.आर. के माध्यम से) | निविदा फार्म शुल्क | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01 | वार्ड क्र. 01 सोनपुरी रोड से शिव मंदिर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य । | 3.57 | 3600.00 | 750.00 | 02 माह |
| 02 | वार्ड क्र. 02 जेल कॉलोनी में सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 17.71 | 13300.00 | 750.00 | 06 माह |
| 03 | वार्ड क्र. 02 डी.के. कॉलेज रोड में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य । | 14.20 | 10700.00 | 750.00 | 05 माह |
| 04 | वार्ड क्र. 03 रविशरंजन के घर से महेन्द्र जांगड़े के घर तक सी.सी. रोड टॉप कार्य । | 2.03 | 2100.00 | 750.00 | 02 माह |
| 05 | वार्ड क्र. 03 हिरमत के घर से अनिल वर्मा के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 2.77 | 2800.00 | 750.00 | 02 माह |
| 06 | वार्ड क्र. 05 धोबी तालाब से छबि मण्डलेश्वर के घर तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य । | 5.93 | 4500.00 | 750.00 | 03 माह |
| 07 | वार्ड क्र. 05 दिलेश्वर साहू के घर से नारद साहू के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 7.14 | 5400.00 | 750.00 | 03 माह |
| 08 | वार्ड क्र. 05 निखिल किराना स्टोर्स से संतोष देवांगन के घर तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य । | 15.71 | 11800.00 | 750.00 | 05 माह |
| 09 | वार्ड क्र. 06 रायपुर मेन रोड से नीरज बाजपेयी के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य । | 2.78 | 2800.00 | 750.00 | 02 माह |
| 10 | वार्ड क्र. 06 पोस्ट आफिस के सामने सौंदर्यीकरण कार्य। | 14.23 | 10700.00 | 750.00 | 05 माह |
| 11 | वार्ड क्र. 07 सहदेव डहरिया के घर से भरत कुर्रे के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 3.01 | 3100.00 | 750.00 | 02 माह |
| 12 | वार्ड क्र. 07 में विभिन्न स्थानों में सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 8.21 | 6200.00 | 750.00 | 04 माह |
| 13. | वार्ड क्र. 07 अजय कोसले के घर से राजा टण्डन के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य । | 6.48 | 4900.00 | 750.00 | 03 माह |
| 14 | वार्ड क्र. 08 देवहा तालाब सामुदायिक भवन से सुलभ शौचालय तक सी. सी. रोड निर्माण कार्य । | 12.19 | 9200.00 | 750.00 | 04 माह |
| 15 | वार्ड क्र. 09 मौली मंदिर से ठाकुर देव चौक तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य । | 6.12 | 4600.00 | 750.00 | 03 माह |
| 16 | वार्ड क्र. 10 जिला संसाधन केन्द्र से मनाराम घृतलहरे के घर तक आर.सी. सी. नाली निर्माण कार्य । | 15.18 | 11400.00 | 750.00 | 05 माह |
| 17 | वार्ड क्र. 10 मण्डी रोड में बी.टी. रोड निर्माण कार्य । | 17.05 | 12800.00 | 750.00 | 06 माह |
| 18 | वार्ड क्र. 10 मण्डी रोड से दशरमा रोड तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य । | 14.10 | 10600.00 | 750.00 | 05 माह |
| 19 | वार्ड क्र. 13 दुलीचंद पूनमचंद कसार के घर से हनुमान मंदिर होते हुए संजू पंजवानी के दुकान तक दोनों तरफ आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य । | 5.09 | 3900.00 | 750.00 | 03 माह |
| 20 | वार्ड क्र. 13 याकुब चौहान के घर से मुरारी साहू के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 7.59 | 5700.00 | 750.00 | 04 माह |
| 21 | वार्ड क्र. 13 बाबा केशरवानी के दुकान से एस. संस दुकान तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य । | 3.49 | 3500.00 | 750.00 | 02 माह |
| 22 | वार्ड क्र. 13 हाट बाजार शितला मंदिर के बाजू सामुदायिक भवन निर्माण कार्य । | 4.66 | 4700.00 | 750.00 | 03 माह |
| 23 | वार्ड क्र. 13 गोपाल मंदिर से ललित किराना तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 2.95 | 3000.00 | 750.00 | 02 माह |
| 24 | वार्ड क्र. 13 जैन मंदिर से पहांदा रोड तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 6.05 | 4600.00 | 750,00 | 03 माह |
| 25 | वार्ड क्र. 14 संध्या बाजपेयी से नामदेव के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 3.35 | 3400.00 | 750.00 | 02 माह |
| 26 | वार्ड . 16 जय सेन के घर से दुर्गा मंदिर तक बी.टी. रोड रिनिवल निर्माण कार्य | 6.66 | 5000.00 | 750.00 | 03 माह |
| 27 | वार्ड क्र. 17 मोक्षधाम के पास पाथवे निर्माण कार्य। | 19.31 | 14500.00 | 750.00 | 06 माह |
| 28 | वार्ड क्र. 19 दिनेश वर्मा क्लिनिक से दिलीप पाण्डे के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 3.89 | 3900.00 | 750,00 | 02 माह |
| 29 | वार्ड क्र. [19] यदु निवास से सुनिल पाण्डे के घर होते हुए संतोष ठाकुर के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 8.75 | 6600.00 | 750.00 | 04 माह |
| 30 | वार्ड क्र. 19 डॉ दिनेश वर्मा क्लिनिक से राम मंदिर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 18.05 | 13600.00 | 750.00 | 06 माह |
| 31 | वार्ड क्र. 19 गार्डन चौक में ट्रॉफिक शेड निर्माण कार्य | 15.00 | 11500.00 | 750.00 | 05 माह |
| 32 | वार्ड क्र. 19 भाटापारा मेन रोड से हनुमान मंदिर तक बी. टी. रोड निर्माण कार्य। | 5.86 | 4400.00 | 750,00 | 03 माह |


## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी
दन्तेवाड़ा वनमण्डल दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
कार्यालय - दूरभाष/ फैक्स (07856) 252228, निवास - (07856) 252439
Email-dfodnt@rediffmail.com

क्रमांक /स्था./4713 दन्तेवाड़ा, दिनांक. 05/06/2024

**// सूचना //**

श्री विनोद कुमार मण्डावी, वनरक्षक परिक्षेत्र दन्तेवाड़ा अन्तर्गत परिसर रक्षक कटेकल्याण दिनांक 21/10/2023 से बिना पूर्व स्वीकृति एवं सूचना के स्वेच्छापूर्वक अनुपस्थित है, जिसके कारण एतद् द्वारा अंतिम सूचना दी जाती है, कि सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर शासकीय कार्य पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें।

यदि निर्धारित अवधि में शासकीय कर्तव्य पर उपस्थित नहीं होते है, तो सूचना प्रकाशन तिथि से 15 दिनों का नोटिस मानकर आपकी सेवा समाप्ति की जावेगी। तत्पश्चात कोई प्रतिवेदन मान्य नहीं होगा।

वनमण्डलाधिकारी
G-242500112/2 दन्तेवाड़ा वनमण्डल दन्तेवाड़ा



## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, अटल नगर

**// बिजली बंद की सूचना //**

समस्त सम्मानीय उपभोक्ता एवं निम्नवत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि सेजबहार एवं माना वितरण केन्द्र के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र से निकलने वाली 33 के. व्ही. एवं 11 के.व्ही. लाईनो का प्री मानसून मेंटनेंस एवं मरम्मत कार्य निम्नानुसार प्रस्तावित है। नीचे दिये गये तिथियों में विद्युत प्रवाह बंद रहेगा, जिसके कारण उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडर एवं दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

| क्र. | दिनांक | दिन | समय | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 08.06.2024 | शनिवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 33 के.व्ही. सिलतरा ओ / जी | जे.डी. गोयन्का स्कूल, एस. के. शारदा स्कूल एच.टी. उपभोक्ता। |
| 2 | 10.06.2024 | सोमवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 33/11 के.व्ही. डोमा रावणभांठा | कोई प्रभावित क्षेत्र नही। |
| 3 | 11.06.2024 | मंगलवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 33/11 के.व्ही. सेजबहार | सेजबहार हाउसिंग बोर्ड, सेजबहार बस्ती, मुजगहान थाना और संबंधित क्षेत्र |
| 4 | 12.06.2024 | बुधवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 33/11 के.व्ही. दतरेंगा | दतरेंगा, कान्दूल, काठाडीह, डोमा, गोल्फ ग्रीन सिटी, महावीर कॉलोनी, वॉलफोर्ट वाटिका। |
| 5 | 13.06.2024 | गुरूवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 33/11 के.व्ही. सिवनी | सिवनी, धुसेरा, खिलोरा हाउसिंग बोर्ड, |
| 6 | 14.06.2024 | शुक्रवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 33/11 के.व्ही. भटगांव | भटगॉव |
| 7 | 15.06.2024 | शनिवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. धनेली फीडर | वंशीका लल्लेजा गोडाउन, अग्रवाल गोडाउन एवं श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय। |
| 8 | 17.06.2024 | सोमवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 33 के.व्ही. सिवनी ओ / जी | सेजबहार 4 पोल चौक टू जीईसी कैम्पस |
| 9 | 18.06.2024 | मंगलवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 33 के.व्ही. बोरियाकला ओ / जी फीडर | कोई प्रभावित क्षेत्र नही। |
| 10 | 19.06.2024 | बुधवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. दतरेंगा फीडर | दतरेंगा, आदेश नर्सिंग स्कूल, संदीप पलास्टर, काठाडीह बस्ती, शिवांस स्कूल, वालफोर्ड वाटिका |
| 11 | 20.06.2024 | गुरूवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. गोल्फ ग्रीन फीडर | दतरेंगा, डोमा बस्ती, गोल्फ ग्रीन, कान्दुल पानी टंकी। |
| 12 | 21.06.2024 | शुक्रवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. मुर्रा फीडर | दतरेंगा, सोनकर बाड़ी डोमा, दमाद पारा, मुर्रा बस्ती |
| 13 | 22.06.2024 | शनिवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. धुसेरा फीडर | कपिल इन्डस्ट्रिज एसएसडी फर्नीचर्स, यश सोया, तरचानी दुकान पंकज इन्डस्ट्रिज, सचदेवा कॉलेज, क्लासिक सेल्स (धुसेरा) पंप क्षे। |
| 14 | 24.06.2024 | सोमवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. खिलोरा फीडर | खिलोरा बस्ती, खिलोरा हाउसिंग बोर्ड |
| 15 | 25.06.2024 | मंगलवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. दतरेंगा ग्रामीण। | दतरेंगा, गैस गोडाउन रोड, कान्दुल बस्ती, वालफोर्ट पैराडाईस बदर्स वाटिका। |
| 16 | 26.06.2024 | बुधवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. सिवनी फीडर | सिवनी बस्ती, धुसेरा बस्ती एवं संबंधित क्षेत्र |
| 17 | 27.06.2024 | गुरूवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. कैपिटल बिल्डकॉन फीडर | फैन्डस कलब, नव भारत कालोनी, सूहलक सिटी, आमापारा, जीडीसी कॉलोनी सेजबहार। |
| 18 | 28.06.2024 | शुक्रवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. भटगॉव फीडर | भटगॉव बस्ती, नीलम्बर स्टील, रामफल चौहान इन्डस्ट्रिज निशा गोयल फार्म हाऊस एवं संबंधित क्षेत्र |
| 19 | 29.06.2024 | शनिवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. अटल आवास फीडर | लोटस पार्क, अवगाम सिटी, धनेली बस्ती, अयोध्या पार्क, सिद्धी गणेश उद्योग, यूनीकार्ने उद्योग एवं संबंधित क्षेत्र |
| 20 | 01.07.2024 | सोमवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. धुसेरा रोड फीडर | सिवनी, देवारभाठा, भटगॉव |
| 21 | 02.07.2024 | मंगलवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. दतरेंगा ग्रामीण। | दतरेंगा, डोमा। |
| 22 | 03.07.2024 | बुधवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. सेजबहार नं. 1 | सेजबहार हाउसिंग बोड, सेजबहार बस्ती, मुजगहान थाना एवं संबंधित क्षेत्र। |
| 23 | 04.07.2024 | गुरूवार | सुबह 09:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. सेजबहार नं. 3 | सेजबहार हाउसिंग बोर्ड। |
| 24 | 10.06.2024 | सोमवार | सुबह 07:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. पी.टी. एस. फीडर (पी.टी.एस. ए.बी. स्वीच से जैनम मानस तक) | टी.टी.सी. कॉलोनी, वी.आई.पी. रोड, सी.आर.पी.एफ. कैम्प, जैनम मानस भवन, अरेना 36 रिसार्ट आदि। |
| 25 | 11.06.2024 | मंगलवार | सुबह 07:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. एच.आई.जी. फीडर | सेडार, बनयान, पीपल, कॉलोनी एन. एम.डी.सी. कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड बोरियाकला आदि। |
| 26 | 12.06.2024 | बुधवार | सुबह 07:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. दीनदयाल फीडर | एल.आई.जी. व ई.डब्ल्यू.एस. ब्लॉक, व रोजवुड कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड बोरियाकला आदि। |
| 27 | 13.06.2024 | गुरूवार | सुबह 07:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. सेडार फीडर | सेडार 01 से 72 तक पाइन ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बोरियाकला, सिद्धि विनायक लोटस पार्क आदि। |
| 28 | 14.06.2024 | शुक्रवार | सुबह 07:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. फीडर नं. 04 व 05 | कैमिलिया ब्लॉक, यूनियन बैंक आवासीय परिसर आदि। |
| 29 | 15.06.2024 | शनिवार | सुबह 07:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. पी. टी. एस. फीडर | 04, 11, 18, ब्लॉक, बिजली घर, सिविल अस्पताल, नगर सेना, आई. टी.आई. पीताल मंदिर, पुल ब्लॉक, बाल समप्रेक्षण गृह माना कैम्प आदि। |
| 30 | 18.06.2024 | मंगलवार | सुबह 07:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. मार्केट फीडर | ब्लॉक न. ए. बी, सी, डी षदानी मार्केट, षदानी दरबार आदि। |
| 31 | 19.06.2024 | बुधवार | सुबह 07:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. अटल आवास | एल.आई.जी. ब्लॉक न. 1, 2, 3 हाउसिंग बोर्ड कालोनी बोरियाकला |
| 32 | 20.06.2024 | गुरूवार | सुबह 07:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. पिरदा फीडर | उपभोक्ता उपभोक्ता द एण इण्डस्ट्रिज, इन्द्रमत, अमूल्यम ग्रीन, आनंद भूमि कॉलोनी, ग्राम पिरदा। |
| 33 | 21.06.2024 | शुक्रवार | सुबह 07:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. हर्ष पेट्रोल पंप फीडर | रायपुर रेसिडेंसी, न्यू स्मार्ट टाउन, रहेजा ग्रीन, सूर्या नगर, ट्रीलियन वेयर हाउस पिरदा, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी साइट - ए हर्ष पेट्रोल पंप, ब्रदर्स ढाबा, ग्राम पिरदा। |
| 34 | 22.06.2024 | शनिवार | सुबह 07:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 11 के.व्ही. टिल्लू नगर फीडर | हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी साइट- बी मे एल.आई.जी., एम.आई.जी. कॉलोनी, टिल्लू नगर। |
| 35 | 24.06.2024 | सोमवार | सुबह 07:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र माना | कोई प्रभावित नहीं। |
| 36 | 25.06.2024 | मंगलवार | सुबह 07:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र षदानी दरबार | समस्त षदानी दरबार मार्केट क्षेत्र व गोकूल नगर। |
| 37 | 26.06.2024 | बुधवार | सुबह 07:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बोरियाकला | समस्त हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी। |
| 38 | 27.06.2024 | गुरूवार | सुबह 07:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र धरमपुरा | ग्राम नकटी एवं मंदिर हसौद खदान क्षेत्र। |
| 39 | 28.06.2024 | शुक्रवार | सुबह 07:00 बजे से दोप. 02:00 बजे तक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र पिरदा | समस्त ग्राम पिरदा व सभी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी रहेजा ग्रीन। |

उपरोक्त सेजबहार वि.के. के तकनीकी कर्मचारी अपने समस्त तैयारियों के साथ प्रातः 08:30 बजे 33/11 के. व्ही. उपकेन्द्र सेजबहार एवं माना वितरण केन्द्र के तकनीकी कर्मचारी अपने समस्त तैयारियों के साथ प्रातः 06 : 30 बजे 33/11 के.. व्ही. उपकेन्द्र माना में उपस्थित रहेंगे। उपरोक्त अवधि में कोई भी कर्मचारी अवकाश पर नहीं रहेगें।"

"विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराएं।"
असुविधा के लिए खेद है

विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध हैं कृपया इससे बचे"
"स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा बचाइए"

( एम.एस.हरि )
कर्म.संख्या 4450812
कार्यपालन यंत्री (संचा./ संधा.) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि., अटल नगर नवा रायपुर
S- 40291/2

खबर संक्षेप

## सेनेगल, गाम्बिया को भारत टूटे चावल करेगा निर्यात



**नई दिल्ली।** सरकार ने सेनेगल और गाम्बिया को एनसीईएल के माध्यम से टूटे चावल का निर्यात करने के लिए 30 नवंबर तक का और समय और दे दिया है। भारत ने इन दो अफ्रीकी देशों के अनुरोध पर उन्हें टूटे चावल के निर्यात को मंजूरी दी है। केंद्र ने टूटे चावल के निर्यात पर आठ सितंबर, 2022 को प्रतिबंध लगा दिया था।

## रुपया 14 पैसे की बढ़त के साथ 83.39 प्रति डॉलर

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रमुख नीतिगत दर रेपो को यथावत रखने के बाद शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 14 पैसे मजबूत होकर 83.39 पर बंद हुआ। प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रहने तथा अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भी स्थानीय मुद्रा को समर्थन मिला। निकासी से रुपये का लाभ सीमित रहा।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में स्थानीय मुद्रा 83.46 पर मजबूती के साथ खुली और डॉलर के मुकाबले 83.48 से 83.37 के दायरे में रही।

## नवाचार के लिए सेबी हुई पुरस्कृत



**नई दिल्ली।** 'द एशियन बैंकर' ने सेबी को भारत में प्रतिभूति बाजारों के लिए नियामकीय ढांचे को मजबूत करने में अपनी भूमिका के लिए एशिया प्रशांत में 'सर्वश्रेष्ठ व्यवसाय नियामक' का पुरस्कार दिया है। यह पुरस्कार भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य कमलेश चंद्र वार्ष्णेय ने हांगकांग में आयोजित एक समारोह में प्राप्त किया।

# नौ माह में बंद हो जाएगी विस्तारा, एअर इंडिया के साथ मिली विलय की मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- एनसीएलटी की चंडीगढ़ बेंच ने सौदे पर अपनी मंजूरी दे दी

टाटा समूह की विमानन कंपनी विस्तारा अगले कुछ महीनों में बंद होने वाली है। टाटा समूह विस्तारा का अपनी एक अन्य विमानन कंपनी एअर इंडिया में विलय करना चाह रहा है।

इस विलय के प्रस्ताव को सीसीआई के बाद अब एनसीएलटी से भी हरी झंडी मिल गई है। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण यानी एनसीएलटी की चंडीगढ़ बेंच ने सौदे पर अपनी मंजूरी दे दी। एनसीएलटी ने टाटा समूह की दोनों विमानन कंपनियों के नेटवर्क, कर्मचारियों और विमानों के बेड़े का विलय शुरू करने की मंजूरी दी है। इसके साथ ही एअर इंडिया में विस्तारा के विलय के रास्ते की एक बड़ी रुकावट दूर हो गई।

### विलय के प्रस्ताव को सीसीआई के बाद एनसीएलटी से मिली हरी झंडी

**प्रतिस्पर्धा आयोग पहले ही कर चुका मंजूर**

इससे पहले भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग यानी सीसीआई से इस विलय के प्रस्ताव को पिछले साल की मंजूरी मिल चुकी है। सीसीआई ने सितंबर 2023 में इस विलय को मंजूर कर दिया था। सिंगापुर के प्रतिस्पर्धा नियामक से भी विलय को मंजूरी मिल चुकी है। उसने इसी साल मार्च में सौदे को अपनी मंजूरी प्रदान की।




**टाटा समूह की ऐसी है योजना**

विस्तारा ने करीब 9 साल पहले जनवरी 2015 में अपना व्यावसायिक परिचालन शुरू किया था। विस्तारा को अभी भारत की प्रमुख विमानन कंपनियों में एक गिना जाता है। टाटा समूह ने एअर इंडिया का सरकार से अधिग्रहण करने के बाद विस्तारा को उसमें मर्ज करने का प्रस्ताव तैयार किया था। समूह चाहता है कि दोनों विमानन कंपनियों का आपस में विलय कर घरेलू व अंतरराष्ट्रीय विमानन बाजार में एक मजबूत कंपनी तैयार की जाए।

**प्रस्ताव नवंबर 2022 में सार्वजनिक किया गया**

एअर इंडिया के साथ विस्तारा के विलय के प्रस्ताव को सबसे पहले नवंबर 2022 में सार्वजनिक किया गया था। सीसीआई के बाद एनसीएलटी की मंजूरी मिलने से अब इस प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है। टाटा समूह की योजना अगले 9 महीने में इस सौदे को पूरा करने की है। यानी अगले 9 महीने में विस्तारा का स्वतंत्र परिचालन बंद हो जाएगा और वह एअर इंडिया का हिस्सा बन जाएगी।

*इस तरह से होगा विलय के बाद हिस्सा : विस्तारा अभी टाटा एसआईए एयरलाइंस लिमिटेड के नाम से कंपनी के रूप में रजिस्टर्ड है। कंपनी में टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड की 51 फीसदी हिस्सेदारी है। शेष 49 फीसदी हिस्सेदारी सिंगापुर एयरलाइंस लिमिटेड के पास है।*

### उद्योग जगत ने आरबीआई के निर्णय का किया गया स्वागत

# मुद्रास्फीति स्थिर होने पर रिजर्व बैंक कर सकता है रेपो दर में कटौती : उद्योग जगत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- उद्योग जगत को उम्मीद मुद्रास्फीति अपने लक्ष्य दायरे में स्थिर होगी
- आरबीआई ने लगातार आठवीं बैठक में रेपो दर स्थिर रखी
- मुद्रास्फीति चार प्रतिशत घट-बढ़ के साथ स्थिर बनी हुई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा में लगातार आठवीं बार नीतिगत दर रेपो को अपेक्षाओं के अनुरूप 6.5 प्रतिशत पर कायम रखा है।

उद्योग जगत ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि उसे उम्मीद है कि जब मुद्रास्फीति अपने लक्ष्य दायरे के भीतर स्थिर हो जाएगी तो केंद्रीय बैंक रेपो दर को कम करेगा। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने अपने बयान में कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की लगातार आठवीं बैठक में रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है।

**सीपीआई को ध्यान में रखा गया**

रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा गया है कि मुद्रास्फीति चार प्रतिशत (दोनों तरफ दो प्रतिशत के घट-बढ़ के साथ) पर बनी रहे। केंद्रीय बैंक अपनी मौद्रिक नीति तय करते समय मुख्य रूप से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) को ध्यान में रखता है।



**मानसून को देखते खुदरा मुद्रास्फीति का अनुमानः फिक्की**

केंद्रीय बैंक ने सामान्य मानसून की स्थिति को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के अपने अनुमान को 4.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (फिक्की) के अध्यक्ष अनीश शाह ने कहा, हम चालू वित्त वर्ष में वृद्धि पर आरबीआई के दृष्टिकोण से उत्साहित हैं।

*आरबीआई ने रेपो दर को 6.5% पर कायम रखा*

*आरबीआई ने मौद्रिक नीति समीक्षा में उम्मीद के मुताबिक नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर कायम रखा। मजबूत आर्थिक वृद्धि के बीच महंगाई को काबू में रखने के प्रयास के तहत आरबीआई ने लगातार आठवीं बार रेपो दर को यथावत रखा है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने एमपीसी की बुधवार को शुरू हुई तीन दिन की बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए कहा, 'मौद्रिक नीति समिति ने लगातार आठवीं बार नीतिगत दर को यथावत रखने का निर्णय किया।*

**नीतिगत रुख में नरमी आएगी: पीएचडी चैंबर**

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा, 'हम उम्मीद कर रहे हैं कि मुद्रास्फीति का रुख आरबीआई के लक्ष्य दायरे के भीतर स्थिर हो जाएगा और उसके बाद केंद्रीय बैंक के नीतिगत रुख में नरमी आएगी।'

**मुख्य मुद्रास्फीति में नरमी: श्रीराम फाइनेंस**

श्रीराम फाइनेंस के कार्यकारी वाइस चेयरमैन उमेश रेवांकर ने रेपो दर यथावत रखने के रिजर्व बैंक के फैसले पर कहा, मुख्य मुद्रास्फीति में नरमी, तरलता के स्थिर बने रहने और वृद्धि के आंकड़े प्रभावशाली होने के कारण, कई विश्लेषकों को लगा कि शायद इस बार एमपीसी नरम रुख अपनाने पर विचार करेगी।

**भू-राजनीतिक स्थिति अस्थिर : रेवांकर**

श्रीराम फाइनेंस के वाइस चेयरमैन ने कहा, भू-राजनीतिक स्थिति अभी भी अस्थिर बनी हुई है और भारत की खाद्य मुद्रास्फीति ऊंची बनी हुई है, आरबीआई ने नीतिगत दरों पर यथास्थिति बनाए रखकर सावधानी को प्राथमिकता दी है।

**मुद्रास्फीति पर लगाम लगानी होगी : क्रिसिल**

रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी ने कहा कि आरबीआई ने नीतिगत दर में कोई बदलाव न करके स्थिर रहना पसंद किया है। 'आरबीआई को उपभोक्ता मूल्य आधारित (सीपीआई) मुद्रास्फीति पर लगाम लगानी होगी ताकि वह चार प्रतिशत के अपने घोषित लक्ष्य पर बनी रहे।'

# वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाने से सेंसेक्स और निफ्टी सर्वकालिक उच्चस्तर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- दोनों ही इंडेक्स दो फीसदी से अधिक चढ़कर बंद
- सेंसेक्स 1,618 .85 अंक और निफ्टी 498 .8 अंक उछला
- बैंक, रियल्टी और वाहन क्षेत्र के शेयरों में रही तेजी

प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी शुक्रवार को दो प्रतिशत से अधिक चढ़कर रिकॉर्ड उच्चस्तर पर बंद हुए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि दर के अनुमान को सात प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है, जिसके चलते बाजार में यह तेजी देखने को मिली।

दिन में कारोबार के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,720.8 अंक या 2.29 प्रतिशत उछलकर 76,795.31 के नए रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1,618.85 अंक या 2.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,693.36 अंक पर बंद हुआ। यह इसका नया रिकॉर्ड है। इसी तरह एनएसई निफ्टी दिन के कारोबार में 498.8 अंक या 2.18 प्रतिशत चढ़कर 23,320.20 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी दिन में कारोबार के दौरान के अपने रिकॉर्ड उच्चस्तर को छूने से केवल 18.5 अंक दूर रहा। कारोबार के अंत में निफ्टी 468.75 अंक या 2.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,290.15 अंक पर बंद हुआ।

**तीन सत्र में 28.65 लाख करोड़ बढ़ी निवेशकों की संपत्ति**

शेयर बाजारों में तीन दिन से जारी तेजी के बीच शुक्रवार तक निवेशकों की संपत्ति 28.65 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। इन तीन सत्रों में प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 4,614.31 अंक बढ़कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। शेयर बाजार में उल्लेखनीय सुधार से बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण तीन कारोबारी सत्रों में 28,65,742.36 करोड़ रुपये बढ़कर 4,23,49,447.63 करोड़ रुपये (5.08 लाख करोड़ डॉलर) हो गया।

## 'अविनाश ट्विन सिटी' में एक्सटेंशन की लांचिंग कल




- सर्वसुविधायुक्त 400 नए प्लॉट्स उपलब्ध

**रायपुर।** रियल एस्टेट की अग्रणी कंपनी अविनाश ग्रुप ने अपने प्रमुख प्रोजेक्ट में से एक अविनाश ट्विन सिटी में नए एक्सटेंशन की घोषणा की है। जिसकी लांचिंग 9 जून, रविवार को होगी। जहां आप विजिट कर प्री-लांचिंग ऑफर का फायदा उठा सकते हैं। यह प्रोजेक्ट कुम्हारी टोल प्लाजा के पास स्थित है, जो रायपुर और भिलाई के बीच के केंद्र में है।

अविनाश ट्विन सिटी में 400 से अधिक नए प्लॉट्स उपलब्ध है। जो उच्च गुणवत्ता वाले आवासीय स्थानों की बढ़ती मांग को पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता को प्रकट करता है। यह विस्तार संभावित खरीदारों को व्यापक विकल्प प्रदान करता है, जिससे वे अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुसार सही प्लॉट चुन सकते हैं। बता दें कि अविनाश ट्विन सिटी केवल एक आवासीय परियोजना नहीं है, बल्कि यह एक पूर्ण विकसित टाउनशिप है जो आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण है, जिसमें हरे-भरे बागान, मनोरंजन क्षेत्र, खेल के मैदान और सामुदायिक हॉल शामिल हैं। यह संरचना उच्चतम गुणवत्ता के साथ डिजाइन की गई है, जिसमें सुचारू सड़कों, प्रभावी जल आपूर्ति, विश्वसनीय बिजली औरव्यापक सुरक्षा उपाय शामिल हैं ताकि निवासियों को सुरक्षित और आरामदायक जीवनयापन सुनिश्चित हो सके।

## बैंक ऑफ इंडिया का समझौता दिवस 12 जून को

बैंक ऑफ़ इंडिया
Bank of India
Relationships beyond banking.

- उधारकर्ताओं के एनपीए ऋण खातों का होगा निपटान

**रायपुर।** बैंक ऑफ इंडिया, देशभर में अपनी सभी शाखाओं, अंचल और एफजीएमओ में एकमुश्त समझौता (ओटीएस) के तहत उधारकर्ताओं के एनपीए ऋण खातों का निपटान करने के लिए 12 जून बुधवार को समझौता दिवस का आयोजन कर रहा है।

समझौता दिवस विशेष रूप से उन एनपीए उधारकर्ताओं के लिए आयोजित किया जा रहा है जो उधारकर्ता व्यवसाय व चिकित्सा स्थिति में परेशानी के कारण समय पर अपना ऋण नहीं चुका सके। बैंक के पास छोटे मूल्य के खातों और मध्यम आकार के खातों के निपटान के लिए विशेष ओटीएस योजनाएं हैं, जिसके माध्यम से एनपीए उधारकर्ताओं को विशेष और अच्छी छूट की सुविधा है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 651.5 अरब डॉलर के नए उच्चस्तर पर



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 31 मई तक 651.5 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया है। इससे पिछले सप्ताह यानी 24 मई को यह 646.67 अरब डॉलर पर था। इसके बाद से कुल कोष में 4.83 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई है। दास ने द्विमासिक नीति समीक्षा की घोषणा करते हुए अपने बयान में कहा, 'एक नई उपलब्धि, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 31 मई को 651.5 अरब अमेरिकी डॉलर के ऐतिहासिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इससे पहले 17 मई को विदेशी मुद्रा भंडार का सर्वकालिक उच्चतम स्तर 648.7 अरब अमेरिकी डॉलर था। विदेशी मुद्रा भंडार को किसी भी बाह्य क्षेत्र की गड़बड़ी को झेलने में अर्थव्यवस्था की समग्र ताकत का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख कारकों में से एक माना जाता है। दास ने कहा कि देश का बाह्य क्षेत्र जुझारू बना हुआ है। सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में बाह्य ऋण तथा शुद्ध अंतरराष्ट्रीय निवेश स्थिति में सुधार का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रमुख बाह्य संकेतकों में सुधार जारी है।

## 100 टन सोना वापसी का कोई और मतलब न निकाले : दास

- केंद्रीय बैंक ब्रिटेन से 100 टन स्वर्ण भंडार भारत लाया गया
- आरबीआई ने कहा, सोने को घरेलू तिजोरियों में रख दिया गया

एजेंसी ▶▶| मुंबई



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक ब्रिटेन से 100 टन स्वर्ण भंडार भारत लाया है, क्योंकि देश में पर्याप्त भंडारण क्षमता है। इसका कोई और मतलब नहीं निकाला जाना चाहिए। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2023-24 में ब्रिटेन में संग्रहीत अपने 100 टन सोने को घरेलू तिजोरियों में स्थानांतरित कर दिया है। यह 1991 के बाद सोने का सबसे बड़ा स्थानांतरण है। वर्ष 1991 में विदेशी मुद्रा संकट से निपटने के लिए सोने के बड़े हिस्से को गिरवी रखने के लिए तिजोरियों से बाहर निकाला गया था।

**413.79 टन सोना विदेशों में रखा गया**

केंद्रीय बैंक की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 2023-24 में जारी किए गए नोटों के बदले स्थानीय स्तर पर 308 टन से अधिक सोना रखा गया है। इसके अलावा 100.28 टन सोना स्थानीय स्तर पर बैंकिंग विभाग की संपत्ति के रूप में रखा गया है। कुल स्वर्ण भंडार में से 413.79 टन सोना विदेशों में रखा गया है।

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते है तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखों पर काले घेरे है?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान है? या जले या चोट के निशान है?

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, इमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
17, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133



# छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग में बिलासपुर बुल्स का जीत से आगाज

## रायपुर रायनोज को 22 से हराया, शशांक और इरफान का आलराउंड प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का शुक्रवार को प्रदेश की राजधानी रायपुर में रंगारंग आगाज हुआ। पहले मैच में बिलासुपर बुल्स ने रायपुर रायलोज को 22 रन से हराकर जीत से आगाज किया। बिलासपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विक्रेट खोकर 166 रन बनाए। जवाब में रायपुर की टीम 18.4 ओवर में 144 रन ही बना सकी। यह टूर्नामेंट ईपीएल की तर्ज पर छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ की ओर से शहीद वीर नारायण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है।







### शशांक ने खेली तूफानी पारी

पहले बल्लेबाजी करने मैदान में उतरी टीम बिलासपुर की शुरुआत धीमी रही। पहले ही ओवर में बिना खाता खो अभिजीत आउट हो गए, जिसके बाद शोभित और हर्ष के बीच 31 रनों की साझेदारी से स्कोर में 6 ओवर में 35 रन पर पहुंचा। चौथे विकेट के बाद आईपीएल के स्टॉर खिलाड़ी शशांक सिंह सीसीपीएल में चमके। शशांक ने 24 गेंद में 33 रनों की आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन दिखाया।

### इरफान का अर्धशतक

*बिलासपुर टीम की ओर से मो. इरफान ने 52 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। इसके साथ शोभित ने 21 व पी यादव ने 25 रन बनाए। टीम ने 20 ओवर में 7 विक्रेट खोकर 166 रन बनाए। रायपुर रायनोज की ओर से प्रशांत ने 3, आशीष 2 व अमित ने 1 विकेट अपने नाम किया।*

### रायपुर का निराशाजनक प्रदर्शन

लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरी रायपुर रायनोज ने अच्छी शुरुआत की। अनुज और अमरदीप ने टीम का स्कोर पांच ओवर में 50 के पार पहुंचा दिया था, लेकिन बिलासपुर के गेंदबाजों को 10 ओवर के बाद लगातार विकेट मिलने लगे और टीम पर लक्ष्य तक पहुंचने का दबाव बढ़ता गया। 15 ओवर में रायपुर 6 विकेट गंवाने के बाद मैच का रोमांच और भी बढ़ गया था। मैच में अनुज ने 43 गेंदों में 43 रनों की पारी खेली। इसके अलावा अमरदीप 24 और एस खान ने 29 रन बनाए। अमित और आशीष का खाता भी नहीं खुला। पूरी टीम 18.4 ओवर में 144 रन पर ऑल आउट हो गई।

### शशांक ने 4 और इरफान ने झटके 3 विकेट

*बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी में भी शशांक और इरफान ने शानदार प्रदर्शन दिखाया। इरफान में 3.4 ओवर में 18 रन देकर 4 विक्रेट अपने नाम किया तो वही शशांक ने 3 ओवर में 34 रन देकर 3 विकेट झटके। रुद्र प्रताप ने भी 2 विक्रेट अपने नाम किया। रोमांचक मैच में गेंदबाजों ने टीम की वापसी करवाई। 15 ओवर के बाद लगाकर विकेट गिरते गए। पूरे मैच के दौरान सीसीपीएल के बांड एम्बेसडर सुरेश रैना भी मौजूद रहे।*

## खबर संक्षेप



### अमेरिका को हल्के में लेना भारी पड़ा

**डलास।** अमेरिका के हाथों टी20 विश्व कप के पहले मैच में सुपर ओवर में मिली अप्रत्याशित हार से स्तब्ध पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने स्वीकार किया कि विरोधी टीम को हल्के में लेना उनकी टीम पर भारी पड़ गया। अमेरिका ने टूर्नामेंट का पहला उलटफेर करते हुए पूर्व चैंपियन और पिछले उपविजेता पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराया। पाकिस्तान को पिछले टी20 विश्व कप में जिम्बाब्वे ने हराया था और हाल ही में बाबर आजम की टीम द्विपक्षीय श्रृंखला में आयरलैंड से हारी है।

### लक्ष्य के हार के साथ भारतीय चुनौती समाप्त

**जकार्ता।** स्टार शटलर लक्ष्य सेन की पुरुष एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में शुक्रवार को यहां भारत की चुनौती समाप्त हो गई। दुनिया में 14वें नंबर के खिलाड़ी सेन एक घंटे और एक मिनट तक चले मैच में दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन को कड़ी टक्कर देने के बावजूद 22-24, 18-21 से हार गये। दोनों खिलाड़ियों के बीच पांच मैचों में यह एंटोनसेन की तीसरी जीत है।

## टी-20 वर्ल्ड कप : स्कॉटलैंड ग्रुप-बी में शीर्ष स्थान पर

# स्कॉटलैंड की नामीबिया पर पहली जीत, 3 अंक से शीर्ष पर बनाई जगह

एजेंसी ▶▶ ब्रिजटाउन

स्कॉटलैंड ने टी20 विश्व कप में नामीबिया को पांच विकेट से हराकर ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। नामीबिया ने नौ विकेट पर 155 रन बनाए और स्कॉटलैंड ने नौ गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान रिची बेरिंगटन ने 35 गेंद में नाबाद 47 रन बनाए और पांचवें विकेट के लिए माइकल लीस्क (35 रन) के साथ 74 रन की साझेदारी की। स्कॉटलैंड की चार टी20 मैचों में नामीबिया पर यह पहली जीत है। स्कॉटलैंड को इंग्लैंड के खिलाफ बारिश के कारण रद्द हुए मैच से एक अंक मिला था। अब वह तीन अंक लेकर शीर्ष पर है। आस्ट्रेलिया और नामीबिया के दो अंक हैं। नामीबिया ने ओमान को पहले मैच में सुपर ओवर में हराया था। आस्ट्रेलिया का सामना शनिवार को इंग्लैंड से होगा।

### इरास्मस की फिफ्टी

कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने 30 गेंद में 52 रन बनाए और पांचवें विकेट के लिए जेन ग्रीन (28) के साथ 51 रन जोड़े। इसकी मदद से नामीबिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 155 रन बनाए। इरास्मस ने 14 रन देकर दो विकेट लिए। स्कॉटलैंड का स्कोर एक समय 11 ओवर में चार विकेट पर 73 रन था लेकिन बेरिंगटन और लीस्क ने टीम को जीत तक पहुंचाया।



### कनाडा ने दर्ज की पहली जीत आयरलैंड को 12 रन से हराया

**न्यूयॉर्क।** निकोल्स किर्टोन (49) और श्रेयस मोव्वा (37) के बीच पांचवें विकेट के लिए 63 गेंद में 75 रन की बेहतरीन साझेदारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से कनाडा ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में शुक्रवार को यहां आयरलैंड को 12 रन से हराकर उलटफेर किया। कनाडा ने सात विकेट पर 137 रन बनाने के बाद आयरलैंड को सात विकेट पर 125 रन पर रोककर टी20 विश्व कप में अपनी पहली और टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ खेल के सबसे छोटे प्रारूप में दूसरी जीत दर्ज की। टी20 विश्व कप में दो दिनों में यह दूसरा उलटफेर है। पाकिस्तान के खिलाफ गुरुवार को अमेरिका ने उलटफेर किया था और अब कनाडा की आयरलैंड पर जीत के बाद यह ग्रुप रोमांचक हो गया है। आयरलैंड की यह लगातार दूसरी हार है। कनाडा की दो मैचों में यह पहली जीत है। टीम इसके साथ ही ग्रुप अंक तालिका में अमेरिका और भारत के बाद तीसरे स्थान पर है। आयरलैंड की टीम लक्ष्य का पीछा करते समय 59 रन पर छह विकेट गंवाकर मुश्किल में थी लेकिन मार्क एडेर (34) और जॉर्ज डोकरेल (नाबाद 30) ने सातवें विकेट के लिए 41 गेंद में 62 रन की साझेदारी कर मैच को रोमांचक बनाया लेकिन टीम को उलटफेर से नहीं बचा सके।



## फ्रेंच ओपन

# जैसमीन आज खेलेगी पहला ग्रैंडस्लैम फाइनल मुकाबला



एजेंसी ▶▶ पेरिस

इटली की जैसमीन पाओलिनी ने मिर्रा आंद्रिवा को 6-3, 6-1 से हराकर फ्रेंच ओपन फाइनल में प्रवेश कर लिया जो उनके कॅरियर का पहला ग्रैंडस्लैम फाइनल होगा।

इससे पहले किसी भी ग्रैंडस्लैम में चौथे दौर से आगे नहीं जा सकी पाओलिनी ने कहा, 'ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह असंभव जैसा था लेकिन अब सच हो गया है।' अब उनका सामना शनिवार को दो बार की गत चैंपियन इगा स्वियाटेक से होगा। इटली के यानिक सिनेर अगर कार्लोस अल्काराज को हरा देते हैं तो वह भी पुरुष एकल फाइनल में पहुंच जाएंगे। आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सिनेर चाहें जीते या हारें लेकिन सोमवार को रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंच जाएंगे। वहीं स्वियातेक ने कोको गाफ को 6-2, 6-4 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। रोलां गैरो पर उनका जीत का सिलसिला 20 मैचों का हो गया।

### पहली बार फइनल में पहुंचे अल्काराज

कार्लोस अल्काराज फ्रेंच ओपन टेनिस के सेमीफाइनल में शुक्रवार को यहां यानिक सिनर को 2-6, 6-3, 3-6, 6-4, 6-3 से हराकर पहली बार इसके खिताबी मुकाबले में पहुंचने में सफल रहे। वह 21 साल की उम्र में तीन अलग-अलग सतह पर ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले स्पेन के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गये हैं।

## प्रो लीग

# अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहेगी भारतीय हॉकी टीम



एजेंसी ▶▶ लंदन

*पेरिस ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए भारतीय पुरुष हॉकी टीम इस सप्ताह के आखिर में जर्मनी और ब्रिटेन के खिलाफ एफआईएच हॉकी प्रो लीग के मुकाबलों में अपने प्रदर्शन में सुधार के इरादे से उतरेगी। भारत को शनिवार को विश्व चैंपियन जर्मनी से खेलना है जबकि रविवार को ब्रिटेन से मुकाबला होगा। बेल्जियम चरण और लंदन में दो मैचों के बाद भारत 14 मैचों में 24 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। जर्मनी छठे और ब्रिटेन सातवें स्थान पर है।*

# कारुआना से हारे प्रज्ञाननंदा



**स्टावेंज।** भारतीय ग्रैंड मास्टर आर प्रज्ञाननंदा को नार्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में अमेरिका के फेबियानो कारुआना से हार का सामना करना पड़ा, जबकि विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को आर्मगेडन में हराया। कार्लसन के अब 16 अंक हो गए हैं और उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी हिकारू नाकामुरा पर 1.5 अंक की बढ़त हासिल कर ली है। नाकामुरा को चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से हार का सामना करना पड़ा। प्रज्ञाननंदा 13 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

### जज्बात पर काबू रखेंगे फोकस भारत पर

**डलास।** अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल को यकीन है कि टी20 विश्व कप में पाकिस्तान पर मिली जीत से उनकी टीम के लिए कई दरवाजे खुलेंगे लेकिन वह जज्बात पर काबू रखकर भारत के खिलाफ अगले मुकाबले पर फोकस करना चाहते हैं। सह मेजबान अमेरिका ने पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराया। अब उनका सामना 12 जून को भारत से होगा। पटेल ने कहा, 'जीत से में खुश हूं। पाकिस्तान के खिलाफ विश्व कप में पहली बार खेलना और उन्हें हराना अविश्वसनीय है। हमारा फोकस अब भारत के खिलाफ प्रदर्शन पर होगा।'



### सिफत कौर ने विश्व कप में जीता कांस्य

**म्यूनिख।** भारतीय निशानेबाज सिफत कौर समारा ने शुक्रवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल) के अंतिम दिन महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। भारत ने इस तरह से दो पदक जीत कर इस प्रतियोगिता में अपने अभियान का अंत किया। सरबजोत सिंह ने गुरुवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता था। सिफत मामूली अंतर से रजत पदक हासिल करने से चूक गई। उन्होंने 452.9 अंक बनाए जो चीन की मौजूदा विश्व चैंपियन हान जियायू से केवल 0.1 कम था।



# अगले साल होगा एसए20 लीग का तीसरा सत्र




**नई दिल्ली।** बेतवे एसए20 लीग का तीसरा सत्र नौ जनवरी से आठ फरवरी 2025 के बीच खेला जाएगा। लीग के कमिश्नर ग्रीम स्मिथ ने शुक्रवार को यह घोषणा की। पहले दो सत्र की चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न कैप की नजरें लगातार तीसरे खिताब पर होंगी। स्मिथ ने कहा, 'पहले दो सत्रों की सफलता के बाद हम एक बार फिर इस सिलसिले को जारी रखते हुए सभी को विश्व क्रिकेट के नामी गिरामी सितारों को खेलते देखना का मौका देना चाहते हैं। आने वाले समय में हम टूर्नामेंट के कार्यक्रम, नीलामी और खिलाड़ियों के नामों की घोषणा करेंगे।'

### रऊफ पर लगा गेंद से छेड़खानी का आरोप

**डलास।** अमेरिकी गेंदबाज रस्टी थेरोन ने पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पर टी20 विश्व कप के मैच के दौरान गेंद से छेड़खानी का आरोप लगाया है। थेरोन अमेरिकी टीम का हिस्सा नहीं हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि रऊफ ने दो ओवर पुरानी गेंद पर नाखून लगाए जिससे उन्हें रिवर्स स्विंग मिलने लगी। पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए खेल चुके 38 वर्ष के थेरोन कहा, 'आईसीसी, क्या हम यह दिखावा कर रहे हैं कि पाकिस्तान ने नई बदली गई गेंद को खरोचा नहीं है। दो ओवर के बाद ही गेंद को रिवर्स स्विंग कैसे मिलने लगी। आप साफ देख सकते हैं कि हारिस रऊफ ने गेंद पर नाखून लगाया है।'




FORM NO. IV
[See Sub- rule 2 (a) of rule 5]

**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL**

(Shantikunj, H.No. 797- II, , South Civil Lines, Jabalpur- (M.P.)
(Areas for Jurisdiction- Madhya Pradesh & Chhattisgarh)
Summons under sub-section (4) of section 19 of the Act, read with sub rule (2A) of rule 5 of Debts Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993.

**Original Application No. 1287 / 2023**

STATE BANK OF INDIA ....APPLICANT
VERSUS
SURESH NT & ORS ...DEFENDANTS

To,
**1. Suresh N T**
S/o N G Thankappan R/o Plot no. 23P/24P, Shree sai Kripa, Anandpuram Face 1, Durga Nagar West, Kohka, Bhilai, District: Durg (C.G.), Pin: 491001
**2. Divya Suresh**
W/o Suresh N T R/o Plot no. 23P/24P, Shree sai Kripa, Anandpuram Face 1, Durga Nagar West, Kohka, Bhilai, District: Durg (C.G.), Pin: 491001

Whereas, **OA No. 1287/2023** was listed before Hon'ble Presiding officer on **19/12/23** Whereas, the Honble Tribunal is please to issue summons/notice on the said Application under Section 19(4) of the Act, (OA) filed against you recovery of debts of **Rs. 50,15,794/-** plus interest and expenses application alongwith copies of documents etc. annexed)
In accordance with sub-section (4) of Section 19 of the Act, you the Defendants are directed as under:
**1.** To show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted;
**2.** To disclose particulars of the properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the Original Application, Pending hearing and disposal of the application for attachment of properties
**3.** You are restrained from dealing without disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties;
**4.** You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest created an/or other assets and properties specified or disclosed under Serial no. 3A of the Original Application without the prior approval of the Tribunal.
**5.** You shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank of financial institution holding security interest over such assets.
**6.** You are also directed to file the written statement with a copy there of furnished to the Applicant and to appear before 04/11/2024 at 11 A.M., failing which the application shall be heard and decided in your absence.
Given under my hand and the seal of the Tribunal this **6th day of June 2024**

SEAL Registrar



आवश्यकता है

राधाकृष्ण शिक्षण समिति जांजगीर द्वारा संचालित, पं. जवाहर लाल नेहरू कॉलेज व राधाकृष्ण शिक्षा समिति कॉलेज, नवागढ़ (जांजगीर) में निम्न रिक्त/संभावित पदों पर परिनियम 28 की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।

सहायक प्राध्यापक
(प्रत्येक 1पद)

हिंदी, अंग्रेजी, राजनीति व समाज शास्त्र, इतिहास, जूलोजी, बॉटनी, केमिस्ट्री, फिजिक्स, मैथ्स, कंप्यूटर वि. शिक्षा शास्त्र (भाषा, गणित, विज्ञान, समाज विज्ञान), शिक्षा के परिप्रेक्ष्य
लायब्रेरियन, क्रीड़ाधिकारी, संगीत शिक्षक, दृश्य कला शिक्षक, लेखापाल।

वेतनमान - 15600-39100
आरक्षण- राज्य शासन के नियमानुसार।

स्वहस्तलिखित आवेदन, रेज्यूम व अंकसूचियां, एक पीडीएफ में मेल करें।
RKSSNAWAGARH@GMAIL.COM
संपर्क -9981348927



बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI

भिलाई शाखा : प्लॉट नं. 6, इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर, भिलाई, फोन-0788-2264778/2264517, फोन 0788-4701713,, ई-मेल-Bhilai.Raipur@bankofindia.co.in

प्रति,
मेसर्स अम्बे इंटरप्राइजेज, 7/3, प्रियदर्शिनी परिसर (पश्चिम), भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
श्रीमती अन्नपूर्णा अग्रवाल, मकान नं. 2A, प्लॉट क्रमांक 1, नेहरूनगर, भिलाई, (छ.ग.)
श्री हरिशरण अग्रवाल, मकान 2A, प्लॉट नं. 1, नेहरूनगर, भिलाई, (छ.ग.)

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रवर्तन की धारा 13(2) के तहत नोटिस सुरक्षा हित अधिनियम 2002**

1. आपके द्वारा किए गए अनुरोध पर, बैंक ने आपको कुल मिलाकर रु. 50,00,000.00 (पचास लाख) की विभिन्न ऋण सुविधाएं प्रदान की हैं। हम यहां हमारे द्वारा दी गई विभिन्न क्रेडिट सुविधाओं और नोटिस की तारीख के अनुसार बकाया राशि का विवरण देते हैं: -

| | Nature of Facility | Sanctioned Limit Rs. | Outstanding dues Rs. |
|---|---|---|---|
| अ. | नकद ऋण | ₹ 50,00,000.00 | ₹ 27,31,561.63 + 21.05.2024 से ब्याज और अन्य खर्च |
| | कुल | ₹ 50,00,000.00 | ₹ 27,31,561.63 /- + ब्याज और अन्य खर्च |

2. बैंक द्वारा दी गई उपरोक्त ऋण सुविधाएं निम्नलिखित परिसंपत्तियों/प्रतिभूतियों (बैंक को दी गई संपत्तियों/संपत्तियों का विवरण) द्वारा सुरक्षित हैं:- 7/3 प्रियदर्शिनी परिसर (पश्चिम) भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग. में स्थित संपूर्ण स्टॉक और बुक ऋण का दृष्टिबंधन।
3. चूंकि आपने उक्त क्रेडिट सुविधाओं के तहत बैंक को अपने बकाए के पुनर्भुगतान में चूक की है, इसलिए हमने आपके खाते को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी निर्देशों/दिशानिर्देशों के अनुसार 27.05.2024 से गैर-निष्पादित परिसंपत्ति के रूप में वर्गीकृत कर दिया है। .
4. ऊपर बताए गए कारणों के लिए, हमने आपको उपरोक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नोटिस दिया है और आपसे बैंक को रुपये का भुगतान करके अपनी देनदारियों का पूरा भुगतान करने के लिए कहा है। ₹ 27,31,561.63 और उस पर 11.84% प्रति वर्ष की दर से ब्याज दिनांक 21.05.2024 से इस नोटिस की तारीख से 60 दिनों की अवधि के भितर कैश क्रेडिट खाते, लागत और अन्य खर्चो में मासिक छूट के साथ,ऐसा न होना पर कृपया ध्यान दें कि लागत और परिणामों के संबंध में हम पूरी तरह से आपके जोखिम पर होंगे, साथ ही निहित शक्तियों का प्रयोग करेंगे। वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम,2002 की धारा 13 के तहत बैंक, उपर उल्लिखित सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ.
5. जबकि हम आपसे ऊपर उल्लिखित अवधि के भीतर, बैंक को संपूर्ण बकाया का भुगतान लागू ब्याज, पुनर्भुगतान तक बैंक द्वारा किए गए सभी लागतों, शुल्कों और खर्चों के साथ भुगतान करके और सुरक्षित संपत्तियों को भुनाकर अपनी देनदारी का निर्वहन करने का आह्वान करते हैं। , कृपया ध्यान रखें कि सरफेसी अधिनियम की धारा 13(8) के अनुसार, सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने का अधिकार आपको सार्वजनिक नीलामी के लिए नोटिस के प्रकाशन या सार्वजनिक या निजी से कोटेशन या निविदा आमंत्रित करने की तारीख तक ही उपलब्ध होगा। सुरक्षित परिसंपत्तियों के पट्टे, असाइनमेंट या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण के लिए संधि।
6. ऊपर उल्लिखित शक्तियों का प्रयोग करने से प्राप्त राशि का उपयोग सबसे पहले हमारे द्वारा किए गए सभी लागतों, शुल्कों और खर्चों और/या उससे जुड़े किसी भी आकस्मिक खर्च के भुगतान में किया जाएगा, और दूसरे, ऊपर बताए अनुसार बैंक के बकाया के भुगतान में किया जाएगा। इस नोटिस की तारीख से वास्तविक वसूली की तारीख तक संविदात्मक ब्याज और बैंक की संपूर्ण बकाया राशि (चाहे उधारकर्ता या गारंटर के रूप में बैंक के प्रति आपके किसी भी अन्य बकाया सहित) की पूरी वसूली के बाद शेष धनराशि, यदि कोई हो, पूरी तरह से वसूल कर ली जाए। आपको भुगतान किया जाएगा.
7. यदि सुरक्षित परिसंपत्तियों के विरुद्ध उक्त शक्तियों के प्रयोग के दौरान प्राप्त आय से उक्त बकाया पूरी तरह से वसूल नहीं किया जाता है, तो हम आपके और आपकी अन्य परिसंपत्तियों के खिलाफ ऋण वसूली से पहले कानूनी/वसूली कार्रवाई दायर करने सहित आगे बढ़ने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। न्यायाधिकरण/न्यायालय आपसे बकाया सभी लागतों आदि सहित बकाया राशि की वसूली के लिए।
8. कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त अधिनियम की उप-धारा (13) के अनुसार, इस नोटिस की प्राप्ति के बाद, आपको उपरोक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों पर बिक्री, पट्टे, लाइसेंस, बंधक या उपहार के माध्यम से किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न करने या स्थानांतरित करने से रोका जाता है।
9. अधोहस्ताक्षरी इस नोटिस को जारी करने और उपरोक्त अधिनियम की धारा 13 के तहत शक्तियों का प्रयोग करने के लिए बैंक का विधिवत अधिकृत अधिकारी है।
10. यह बताने की आवश्यकता नहीं है कि यह नोटिस बैंक के पास उपलब्ध किसी भी अन्य उपाय पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना आपको संबोधित है।

स्थानः भिलाई, दिनांक : 08.06.2024 अधिकृत अधिकारी




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com